**सुविचार**
काम इतनी शांति से करो कि सफलता शोर मचा दे।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
बड़े पर्दे पर जमेगी कार्तिक-कटरीना की...

Ranchi ● Sunday, 07 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 110 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,054.29 |
| निफ्टी | : | 18,069.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,795 |
| चांदी | : | 82.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### एसकेएम ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को दिया समर्थन

**NEW DELHI :** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों का समर्थन किया है। मोर्चे ने प्रदर्शनरत पहलवानों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। मोर्चे ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रविवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एसकेएम के कई वरिष्ठ नेता, सैकड़ों किसानों के साथ, एक बार फिर जंतर-मंतर पर विरोध स्थल का दौरा करेंगे और पहलवानों को अपना समर्थन देंगे। एसकेएम का प्रतिनिधि-मण्डल दिल्ली पुलिस आयुक्त, केंद्रीय खेल मंत्री, गृह मंत्री समेत महत्वपूर्ण प्रशासनिक और राजनीतिक व्यक्तियों के पास जाएगा और बृजभूषण शरण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करेंगे। एसकेएम ने कहा कि 11 से 18 मई तक, भारत के सभी राज्यों में, राज्य राजधानियों, जिला मुख्यालय और तालुक मुख्यालय पर एक देशव्यापी आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इसमें सार्वजनिक बैठकें और विरोध मार्च आयोजित किए जाएंगे और बृजभूषण शरण सिंह और उनके समर्थक भाजपा सरकार के पुतले फूंके जाएंगे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के दौरान 9 मिनट के लिए बिजली कटी

**BHUBANESWAR :** बारिपदा के महाराजा श्रीरामचंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के दौरान बिजली चली गई। अंधेरे में ही राष्ट्रपति ने अपना उद्बोधन जारी रखा। इस दौरान पूरा आडिटोरियम अंधेरे में था। इस तरह की घटना को लेकर राज्य के ऊर्जा विभाग ने खेद प्रकट किया है। राज्य के सूचना व जनसंपर्क विभाग ने इसकी गलती स्वीकार की है। इस अवसर पर कुलाधिपति तथा राज्यपाल प्रो गणेशीलाल, मंत्री प्रदीप अमात एवं कुलपति संतोष त्रिपाठी भी उपस्थित थे । केन्द्रांचल आरडीसी सुरेश दलाई ने कहा कि इस मामले की जांच होगी। यह घटना क्यों हुई, इसके बारे में अनुसंधान किया जाएगा। अनुसंधान के बाद ही असली कारण के बारे में पता चलेगा।

### बंगाल की खाड़ी में तैयार हुआ चक्रवात मोचा

**KOLKATA :** बंगाल की खाड़ी में चक्रवात मोचा तैयार हो गया है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार शनिवार को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बना है। अगले 24 घंटे में इस क्षेत्र में निम्न दबाव की संभावना है। अलीपुर मौसम विभाग की तरफ से शनिवार अपराह्न बताया गया कि रविवार सुबह लो प्रेशर बन सकता है। इस दबाव के बाद चक्रवाती तूफान के और प्रभावी होने की संभावना है। सोमवार को तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने के बाद के हालात पर नजर बनाए हुए हैं। चक्रवात को लेकर राज्य प्रशासन पहले ही अलर्ट पर है। विधाननगर इलाके में पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है। कलकत्ता शहर के अधिकारियों का दावा है कि आपदा से निपटने के लिए तैयारियां कर ली गई हैं। पश्चिम बंगाल के अलावा ओडिशा में भी गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

# NEET 2023 : आज 10 लाख स्टूडेंट्स होंगे परीक्षा में शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI:** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) की परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए रांची में 10 केंद्र बनाए हैं। इस परीक्षा के कॉर्डिनेटर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह हैं। राम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा केंद्र पर कड़े जांच की व्यवस्था की गयी है। हर बच्चे की जांच की जाएगी। बच्चों को क्या करना है और क्या नहीं है, इसकी जानकारी स्टूडेंट्स को दे दी गयी है।


फाइल फोटो

**राज्य में स्टेट कोटा सीट निर्धारित**

नीट टेस्ट के जरिए झारखंड के आठ मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिलता है। इन सभी मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटा सीट तय है। इस स्टेट कोटा सीट में केवल झारखंड राज्य के बच्चों का ही एडमिशन होता है। झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, डेंटल और होमियोपैथी की पढ़ाई होती है। स्टेट काउंसलिंग के जरिए इन कोर्सेस में एडमिशन लिया जाता है। झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के स्टेट कोटा में एडमिशन के लिए नीट के रिजल्ट के बाद स्टेट की ओर से काउंसलिग होती है। इस काउंसलिंग को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी ) कंडक्ट करती है। स्टेट के स्टूडेंट्स से जेसीईसीईबी एप्लीकेशन लेती है। इस एप्लीकेशन के आधार पर स्टेट मेरिट लिस्ट निकाला जाता है। फिर स्टूडेंट्स को रैंक के आधार पर कॉलेज और कोर्स अलॉट किए जाते हैं। जिसके बाद स्टूडेंट्स संबंधित कॉलेज में जाकर एडमिशन लेता है। मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटा के अंतर्गत कोटिवार सीट का बंटवारा किया गया है। इसके तहत जनरल कोटा के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तर के 40 प्रतिशत सीटें सुनिश्चित की गयी है। इसके अलावा इडब्ल्यूएस कोटा पर 10 प्रतिशत, एससी कोटा पर 10 प्रतिशत, एसटी कोटा पर 26 प्रतिशत, बीसी-1 पर आठ प्रतिशत और बीसी-2 पर छह प्रतिशत सीटें सुनिश्चित की जाती हैं।

## कितनी स्टेट सीट निर्धारित

**एमबीबीएस**

- रिम्स रांची 148
- एमजीएम जमशेदपुर 83
- शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद 41
- फूलो-झानों मेडिकल कॉलेज, दुमका 83
- मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, बारीडीह, जमशेदपुर 25
- लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज, विश्रामपुर, पलामू 100
- मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू 83
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग 83

**बीडीएस**

- डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स, रांची 52
- हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल 85
- वनांचल डेंटल कॉलेज, गढ़वा 85
- अवध डेंटल कॉलेज, जमशेदपुर 85

**बीडीएस**

- राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज, परसपानी, गोड्डा 54
- आरोग्य होमियैथिक मेडिकल कॉलेज, झलुआ, गढ़वा 51

# भ्रष्टाचार कांग्रेस की आदत भाजपा करेगी इलाज : PM

## प्रधानमंत्री का कर्नाटक में 26 किलोमीटर लंबा रोड शो, विपक्ष पर हमला

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में प्रचार के आखिरी राउंड में पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दो दिन रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। इसकी शुरूआत शनिवार से हुई। सुबह एक रोड शो के बाद पीएम ने बादामी और फिर हावेरी में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद रविवार को भी पीएम पहले रोड शो निकालेंगे और बाद में रैली करेंगे। पीएम ने बादामी की जनसभा में भ्रष्टाचार को कांग्रेस की पुरानी आदत बताया और कहा कि बीजेपी इनकी इसी बीमारी का परमानेंट इलाज करने आई है। यही नहीं प्रधानमंत्री ने जनता का समर्थन मांगते हुए कहा - कर्नाटक का ये चुनाव हमारे कैंडीडेट नहीं बल्कि बीजेपी के लिए कर्नाटक की जनता लड़ रही है। इतना प्यार देना, इतना स्नेह देना, यह कर्नाटक के लोगों की विशेषता है। कर्नाटक का ये जोश, ये उमंग बता रही है कि यहां फिर एक बार डबल इंजन की सरकार तय है।

पीएम नरेंद्र मोदी के कांग्रेस के भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि, इनके पास पता नहीं कौन सा पंजा है जो 1 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है? कांग्रेस के इन्हीं कुकर्मों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा बना रहा। यही नहीं जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने बरसों के शासन में मजबूत किया।


कर्नाटक में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पुष्प बरसाते लोग ● एजेंसी

### भाजपा समर्थकों ने PM पर बरसाए फूल

प्रधानमंत्री ने शनिवार को 26 किलोमीटर लंबा रोड शो साढ़े 4 घंटे में पूरा किया। इस दौरान पीएम ने 13 विधानसभा सीटों को कवर किया। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों तरफ भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री पर फूल बरसाए। यह रोड शो न्यू थिप्पसंद्रा में केम्पे गौड़ा प्रतिमा से सुबह 10 बजे शुरू हुआ और ये दोपहर 2:30 बजे ब्रिगेड रोड के युद्ध स्मारक पर समाप्त हुआ। पार्टी ने रोड शो का नाम 'नम्मा बेंगलुरु, नम्मा हेम' (हमारा बेंगलुरु, हमारा गौरव) रखा है। प्रधानमंत्री रविवार को भी बेंगलुरु में ही करीब 10.6 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री का 36.6 किलोमीटर का रोड शो एक ही दिन में होना था, लेकिन बेंगलुरु की ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए इसे दो दिन का कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि यह रोड शो बेंगलुरु साउथ और सेंट्रल लोकसभा के 28 में से 19 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। प्रधानमंत्री मोदी रोड शो के बाद शाम को बादामी और हावेरी में भी जनसभा करेंगे। इसके अगले दिन यानी रविवार शाम नंजनगुड में श्रीकांतेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन और पूजा के साथ चार रैलियों के साथ प्रधानमंत्री अपना कैंपेन खत्म करेंगे। मोदी 29-30 अप्रैल, 2-3 और 5 मई तक 14 से ज्यादा जनसभा और रोड शो कर चुके हैं। 6 और 7 मई की जनसभा और रैली मिलाकर वे कुल 16 से ज्यादा रैली कर लेंगे। कर्नाटक में 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को होगी। कर्नाटक में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। तीसरी ताकत जेडीएस की चिंता छोटे दलों ने बढ़ा दी है। ये दल इन तीनों दलों के चुनावी प्रचार को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी, बसपा, उत्तम प्रजाकिया पार्टी, वामपंथी दल, कर्नाटक राष्ट्र समिति, कल्याण राज्य प्रगति पक्ष जैसे छोटे दलों ने बड़ी संख्या में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी इस बार 213 सीट पर लड़ रही है। बसपा का पिछले चुनाव में जेडीएस के साथ गठबंधन था, लेकिन इस बार पार्टी अकेले 137 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस की असली चिंता कर्नाटक मूल के स्थानीय छोटे दल हैं। इसी तरह कल्याण कर्नाटक क्षेत्र (बेल्लारी) में भाजपा के विधायक रहे जी. जनार्दन रेड्डी की पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

### कांग्रेस के चुनावी मुद्दे सिर्फ तालाबंदी व गाली

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर एक बार फिर से चर्चा करते हुए उसे तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया। पीएम ने कहा - भाजपा आपके सामने कर्नाटक को नंबर-1 बनाने के लिए रोडमैप लेकर आई है। वहीं कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी। वो तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बनाएगी। तुष्टिकरण वोटबैंक का, तालाबंदी बीजेपी की गरीब कल्याण नीतियों पर, गाली ओबीसी और लिंगायत समाज को। कांग्रेस की इस कूटनीति से पूरा कर्नाटक नाराज है। पीएम ने कांग्रेस के वादों को पूरी तरह से झूठा बताया। पीएम ने हावेरी में जनता से कहा -कर्नाटक में, कांग्रेस में जो लोग हवा बनाने के लिए झूठ लेकर के चल पड़े हैं, उनका ये सारा झूठ बीजेपी की इस आंधी में उड़ गया है। अभी भी जिनको लगता है वो जरा आकर देख लीजिए। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने शुक्रवार को तुमकुरु में 14वीं सभा की। इससे पहले दोपहर में बेल्लारी में एक जनसभा में उन्होंने अपनी स्पीच की शुरुआत एक बार फिर बजरंगबली के जयकारे के साथ की। पीएम बोले- कांग्रेस को तो मेरे बजरंगबली बोलने से भी आपत्ति है।

# रांची के DC छवि रंजन SUSPEND, आदेश जारी

## ED को छह दिनों की मिली रिमांड

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाले में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी व समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन निलंबित कर दिए गए हैं। इस बाबत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आपको बता दें कि 4 मई को ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ के बाद रात 10 बजे छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया था।



**विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी ईडी ने 10 दिनों की मांगी थी रिमांड**

रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने ईडी को छह दिनों की रिमांड दी है। रिमांड की अवधि 7 मई से 12 मई तक रहेगी। इस दौरान ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। 12 मई फिर उन्हें विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी के अधिकारियों ने विशेष अदालत से जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी, लेकिन विशेष अदालत ने 6 दिनों की रिमांड दी है। आपकों बता दें कि जमीन घोटाले में समन जारी होने के बाद पहली बार 24 अप्रैल को छवि रंजन ईडी ऑफिस में हाजिर हुए थे। तीसरे समन जारी होने पर वे ईडी ऑफिस में उपस्थित हुए थे। इसके बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को 4 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जहां करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। इसके बाद रात करीब 10 बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उन्हें एक दिन के लिए जेल भेज दिया गया था।

### ED ने हल्का कर्मचारी पर FIR के लिए राज्य सरकार से की अनुशंसा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर हल्का कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की है। भानु प्रताप वही हल्का कर्मचारी है, जिसके घर से जमीन घोटाले में हुई छापेमारी के दौरान हजारों सरकारी दस्तावेज और 17 रजिस्टर और नकदी बरामद हुए थे। चेशायर होम रोड की बेशकीमती भूमि की खरीद-बिक्री और म्यूटेशन में भी भानु प्रताप और बड़गाईं सीओ (अंचल अधिकारी) की भूमिका संदिग्ध है। ईडी ने इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। साथ ही रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। सभी आरोपी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं।

# भाजपा डकैती डालकर सत्ता हथियाने में माहिर : सोनिया

## कर्नाटक चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में सोनिया गांधी की रैली

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में कांग्रेस की तरफ से पहली बार सोनिया गांधी रैली करने आईं। सोनिया ने हुबली में एक जनसभा को संबोधित किया। मंच पर आते ही सोनिया ने भाजपा को लोकतंत्र की परवाह न करने वाली पार्टी बताया। सोनिया ने कहा - भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो डकैती डालकर सत्ता हथियाने में माहिर हैं। इन्हें लोकतंत्र की परवाह नहीं होती।



**भ्रष्टाचार के बारे में पीएम कुछ बात नहीं करते**

राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की पिछली सरकार पर भी टिप्पणी की। राहुल ने कहा - पिछले 3 सालों में बीजेपी ने कर्नाटक में चोरी का रिकार्ड तोड़ दिया। प्रधानमंत्री कर्नाटक आते हैं, मगर भ्रष्टाचार के बारे में एक भी बात नहीं करते। राहुल गांधी ने बेरोजगारी मुद्दे पर बात करते हुए कहा - देश में आज 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। इस बेरोजगारी से कर्नाटक के युवा भी परेशान हैं। हम वादा करते हैं सरकार बनने पर हर ग्रेजुएट को दो साल तक हर महीना 3000 रुपए देंगे वहीं डिप्लोमा होल्डर को हर महीने 1500 रुपए देंगे।

## एक ही परिवार के 11 बच्चों की मौत, कई लोग मलबे में दबे, स्कूल-अस्पताल बह गए

# अफ्रीकी देश कांगो में बाढ़-भूस्खलन, 176 की मौत

**AGENCY AFRICA :** अफ्रीकी देश कांगो में 2 दिन से जारी भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया और बाढ़ आ गई। अब तक 176 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक साउथ किवु प्रांत में कालेहे इलाके में 4 मई को एक नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आई। इस वजह से बुशुशु और न्यामुकुबी गांव में पानी भर गया। न्यामुकुबी गांव में रहने वाले मुपेंडा ने कहा- बाढ़ से पूरे गांव में तबाही मच गई। मेरी मां, मेरे 11 बच्चे भी बह गए। वो जिंदा नहीं बचे। एक अन्य शख्स ने कहा- बाढ़-भूस्खलन से हमारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हम सब मलबे में अपनों को ढूंढ रहे हैं। लोग खुले में सोने और रहने के लिए मजबूर हो गए हैं।


यह तस्वीर अफ्रीका के बुशुशु गांव की है, यहां बाढ़-भूस्खलन से जमीन धंसने से काफी नुकसान हुआ ● एजेंसी

**लोगों को बचाने में दिक्कतें आ रहीं**

कई इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक बचाव कर्मचारी ने कहा- मिट्टी काफी गीली है और इलाके में फिसलन के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। कई लोग मलबे में दबे हैं। वहीं, एक डॉक्टर ने बताया कि उनकी टीम दो दिन से बिना सोए लोगों की मदद कर रही है। उनके पास एक दिन में 56 से ज्यादा पेशेंट्स आ रहे हैं। इनमें से 80% लोगों को फ्रैक्चर हुए हैं।

**मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है : गवर्नर**

किवु प्रांत के गवर्नर ने बताया कि यहां कई घर पूरी तरह से डूब गए। स्कूल, अस्पताल भी पूरी तरह से तबाह हो गए। पीने के पानी और बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई है। अब तक 176 लोगों की मौत हो चुकी है। ये आंकड़ा बढ़ सकता है। 100 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। हालांकि, लोकल सिविल सोसाइटी के मेंबर ने दावा किया है कि 226 शवों को मलबे से बाहर निकाला गया है। कांगो के पड़ोसी देश रवांडा में भी भारी तबाही हुई है। 2 मई से शुरू हुई बारिश ने यहां भी बाढ़ और भूस्खलन का रूप ले लिया। यहां अब तक 130 लोगों की मौत हो चुकी है।

## योगी आदित्यनाथ ने KARNATAKA में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में किया प्रचार

# बजरंग दल को बैन करने का मतलब हिन्दू आस्था से खिलवाड़ : योगी आदित्यनाथ

**AGENCY KARNATAKA**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शनिवार को कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। यहां योगी ने कमल खिलाने का आह्वान किया तो आमजन ने योगी-योगी व बुलडोजर बाबा के गगनभेदी नारों व पुष्पवर्षा से उनका स्वागत किया।

योगी आदित्यनाथ ने एक तरफ जहां कार्यों की बदौलत बजरंग दल की सराहना की, वहीं यह भी कहा कि राष्ट्रवादी समाज पीएफआई समर्थकों को धूल चटाएगा। मुख्यमंत्री के निशाने पर कांग्रेस व जेडीएस भी रहे। उन्होंने आह्वान किया कि विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार लाकर राष्ट्रवाद की ज्वाला को घर-घर तक पहुंचाने में योगदान दें।

श्रृंगेरी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवाराज के पक्ष में लाल बहादुर शास्त्री ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। इस अवसर पर योगी ने कहा कि जिन्हें एक भारत-श्रेष्ठ भारत अच्छा नहीं लगता, वे कर्नाटक में पीएफआई जैसे संगठनों को उन्मुक्त कर समाज व राष्ट्र विरोधी तत्वों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। योगी ने कहा कि बजरंग दल को बैन करने का मतलब कांग्रेस द्वारा हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है। हिन्दू समाज इसे स्वीकार नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजरंग बली के स्मरण मात्र से अयोध्या में 500 वर्षों की समस्या का समाधान हो गया था। उस दौरान हमने नारा दिया था जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव। अब इस नारे को लेकर समाज के हर वर्ग के बीच में जाएंगे। समग्र राष्ट्रवादी समाज पीएफआई के समर्थकों को धूल चटाने का कार्य करेगा। कांग्रेस व जेडीएस सरकारों ने प्रजा व कर्नाटक के लिए केवल पीएफआई को प्रोत्साहित किया। यह पार्टियां दंगे कराती थीं। डबल इंजन सरकार ही पीएफआई की कमर तोड़ सकती है।

उन्होंने आह्वान किया कि श्रृंगेरी पावन धाम है। आदि गुरु शंकराचार्य की पावन पीठ, अनेक देवी मंदिरों व ऋषि श्रृंगी का महत्वपूर्ण स्थल है। यहां सनातन आस्था का सम्मान करने वाला प्रत्याशी विजयी बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने महालिगेंश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया, फिर पुत्तुर विधानसभा की भाजपा उम्मीदवार आशा थिमप्पा के पक्ष में मंदिर से किले मैदान तक रोड शो किया। यह गढ़ श्रीराम चंद्र महाराज, योगी-योगी व बुलडोजर बाबा के जयकारों से गूंज उठा। जनसभा में योगी ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार आस्था का सम्मान तो कांग्रेस अपमान कर रही है। कांग्रेस ने पहले श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल किया था। उन लोगों ने कहा कि राम मिथक हैं, वास्तविक नहीं है।



कर्नाटक में प्रचार जनसभा को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

### योगी आदित्यनाथ ने किया रोड शो

बंटवाल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के राजेश नाईक के लिए योगी आदित्यनाथ ने रोड शो निकाला। यहां काफी संख्या में कर्नाटक के आम नागरिक योगी आदित्यनाथ को देखने-सुनने उमड़े थे। खचाखच भरी सड़कों पर मोदी-योगी के खूब नारे लगे। भारत माता की जयकार गुंजायमान रही। पुल के ऊपर से महिलाओं ने योगी व कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा की। रोड शो के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील भी मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने भटकल विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुनील बी नाईक को अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की।

### कर्नाटक में डबल इंजन सरकार आने से कोई रोक नहीं सकता

योगी आदित्यनाथ ने करकला में उम्मीदवार वी.सुनील कुमार के पक्ष में अनंताश्याना सर्किल से गांधी मैदान तक रोड शो किया। योगी आदित्यनाथ ने आह्वान किया कि कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार को पुनः लाना है। आपका उत्साह इस बात को प्रमाणित करता है कि कर्नाटक में येदुरप्पा के मार्गदर्शन व बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आने से कोई रोक नहीं सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भारत में रामराज्य की स्थापना के नए सूत्र का युगपात करेगा। योगी ने कर्नाटकवासियों को 2024 में श्रीराम मंदिर निर्माण के उपरांत अयोध्या आने के लिए आमंत्रित किया।

## MP में फिल्म द केरल स्टोरी होगी टैक्स फ्री, सीएम की घोषणा

**AGENCY BHOPAL**

फिल्म द केरल स्टोरी को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिल्म द केरल स्टोरी शिक्षित और जागरूक करती है। बच्चों और अभिभावकों को यह फिल्म जरूर देखना चाहिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को ट्वीटर पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि द केरल स्टोरी आतंकवाद, मतांतरण और लव जिहाद के घिनौने चेहरे को उजागर करती है। क्षणिक भावुकता में जो बेटियां लव जिहाद के जाल में उलझ जाती हैं, उनकी कैसे बबार्दी होती है यह फिल्म बताती है। आतंकवाद के डिजाइन को भी यह फिल्म उजागर करती है। यह फिल्म हमें जागरूक करती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में पहले ही हमने मतांतरण के खिलाफ कानून बनाया है। यह फिल्म जागरूक करती है। इस फिल्म को सबको देखना चाहिए। अभिभावकों को और बच्चों को भी देखना चाहिए। बेटियों को भी देखना चाहिए। इसलिए मध्य प्रदेश शासन इस फिल्म को टैक्स फ्री कर रहा है।

गौरतलब है कि द केरल स्टोरी को लेकर विरोध और समर्थन दोनों हो रहा है। फिल्म की कहानी लव जिहाद पर केंद्रित है।

# परिवारवाद और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है झारखंड की जनता : दीपक प्रकाश

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को संथाल परगना क्षेत्र के पाकुड़ जिलांतर्गत पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी के नेतृत्व में दर्जनों झामुमो नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस अवसर सरकार पर प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा,पाकुड़ भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय,जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल भी उपस्थित रहे।



दीपक प्रकाश की फाईल फोटो।

कालीदास मरांडी के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोहल पहाड़ी पंचायत समिति सदस्य जतन मरांडी, राजपोखर के पूर्व मुखिया ढेना मरांडी,बसंतपुर के पूर्व मुखिया कालीदास मुर्मू,समाजसेवी सागर मुर्मू,श्रीलाल मुर्मू,मिकाइल हेंब्रम, एनाइल हेंब्रम,महेश्वर टुड्डू,राकेश मरांडी प्रमुख रूप में शामिल हैं।

मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य की दुर्दशा देखकर अब झामुमो के समर्पित कार्यकर्ताओं में भी बेचैनी है। अब वे भी भ्रष्टाचार और परिवारवाद से झारखंड को मुक्ति दिलाना चाहते हैं। झामुमो परिवारवाद, भ्रष्टाचार की पोषक है। सहयोगी कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की जननी है। इसलिए झारखंड के हित की चिंता करने वाले, झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा करने वाले लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे।

उन्होंने कहा कि इसके पहले संथाल परगना के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुफल मरांडी ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेतृत्व में आज संथाल परगना लूट और आतंक का गढ़ बन गया है।

# बूथ स्तर तक CONGRESS पार्टी को बनाना है सशक्त : राजेश ठाकुर

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला प्रभारियों, प्रदेश महासचिवों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक हुई।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें 2024 की चुनाव की तैयारी को मद्देनजर बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाना है। इसलिए अबतक गठित जिला एवं प्रखंड समितियों के साथ मंडल समितियों का पूर्ण गठन आठ मई तक पूरा कर लेना है। साथ ही इसकी सूची प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जमा करवा देना है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 की लड़ाई निर्णायक लड़ाई है। इसलिए हमें पूरी मुस्तैदी के साथ पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन के साथ वैचारिक स्तर पर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर पार्टी के साथ जोड़ना है। उन्होंने सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया की वह खुद सभी जिलों में 11 मई से प्रवास करेंगे और जिला बैठक में शामिल होंगे।



राजेश ठाकुर की फाईल फोटो।

उन्होंने कहा कि पंचायत, वार्ड, मंडल, प्रखंड और जिला पदाधिकारियों के साथ संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि सभी जिला अध्यक्ष उनके जिला दौरा कार्यक्रम के पूर्व अपने जिला के सभी प्रखंड का दौरा कर लें। प्रदेश अध्यक्ष का जिला दौरा कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी सिंहभूम जिले से होगा।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि वर्चुअल बैठक में विशेष रूप से संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के पुनर्गठन की समीक्षा की गयी। सभी जिला अध्यक्षों से प्रदेश भर में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।

## MP में BJP को बड़ा झटका, पूर्व मंत्री दीपक जोशी और पूर्व विधायक बघेल कांग्रेस में शामिल

**AGENCY BHOPAL**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे स्वर्गीय कैलाश जोशी के बेटे और पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। वह शनिवार को भोपाल में 74 बंगले स्थित सरकारी आवास बी-30 से अपने पिता कैलाश जोशी की तस्वीर साथ लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दीपक जोशी के साथ शनिवार को ही दतिया जिले से विधायक रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेलाल बघेल भी कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने बघेल को भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई।



अपने पिता के फोटो के साथ पूर्व मंत्री दीपक जोशी।

पूर्व मंत्री दीपक जोशी और भाजपा विधायक बघेल के एक साथ कांग्रेस में शामिल होना भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। चुनावी साल में दो बड़े और दिग्गज नेताओं का विपक्ष का हाथ थामना सत्ताधारी पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकता है। उधर, कांग्रेस को आगामी चुनाव में इसका फायदा मिलेगा।

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने कहा कि भाजपा ने जनसंघ की विचारधारा को कहीं न कहीं विलोपित कर दिया। देवास की किसी सीट से चुनाव नहीं लड़ूंगा, पार्टी चाहेगी तो बुधनी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

दीपक जोशी शनिवार को सुबह देवास से भोपाल के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने सुबह खेड़ापति मंदिर में दर्शन किए। बड़ी बहन ने मंगल तिलक किया। समर्थकों ने उन्हें फरसा देकर रवाना किया। देवास में उन्होंने कहा कि भाजपा में लॉलीपॉप देख-देखकर मेरा शुगर लेवल बढ़ गया है। अब शुगर लेवल घटाने के लिए शिष्टाचार वाली पार्टी में जाना है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी भले मुझे छोटा भाई मानते हों लेकिन वे मेरे बड़े भाई कभी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी को अपना

### झूलन के साथ बिकुवादाग, डोड़मा और तिलमी गांव में मंडा अनुष्ठान संपन्न

# हम अखड़ा से स्टेज के युग में आ गये, लेकिन पंरपरा को बचाकर रखना भी जरूरी: कोचे मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI**

झारखंड के परपंरागत चार दिवसीय मंडा पर्व शनिवार को कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग, तिलमी और तोरपा प्रखंड के डोड़मा में श्रद्धापूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास कें साथ संपन्न हो गया। इसके पूर्व धुंआसी, फूलखुंदी सहित कई अनुष्ठान शुक्रवार की रात आयोजित किए गए। शनिवार को भोक्ताओं को लकड़ी के साथ बांधकर झुलाया गया औरइसी अनुष्ठान के साथ पर्व का समापन हो गया।

उल्लेखनीय है कि मंडा पर्व के दौरान शिवभक्त अपना गृह त्योग कर शिवालयों में रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं। अनुष्ठान के दौरान जिस परिवार से कोई व्यक्ति भोक्ता बनता है, उसके परिवार और रिश्तेदार भी अनुष्ठान के दौरान सात्विक जीवन गुजारते हैं औश्र मांस-मदिरा का पूरी तरह त्याग करते हैं। कर्रा प्रखंड के तिलमी गांव में आयोजित मंडा पूजा में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और शिव भक्तों के बीच फलों का वितरण किया।



अतिथि का स्वागत करते आयोजक। ● एजेंसी

विधायक ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की उन्नति की और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हम आज अखाड़ा से स्टेज युग में आ गए हैं, लेकिन हमे अपनी परम्परागत चीजे अखड़ा और मांदर वाले युग को भी नही भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आज हमारे क्षेत्र के कलाकार भी फिल्म इडस्ट्री में अपना परचम लहरा रहे हैं।

## COAL INDIA के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिले सांसद सीपी चौधरी

**KHUNTI :** गिरिडीह के सांसद चौधरी ने शनिवार को कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। सांसद ने कोल इंडिया के चेयरमैन से कोयला क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। साथ ही झारखंड के कोयला क्षेत्र को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने और समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर रहने की अपेक्षा जताई।

सांसद ने यह आशा जताया के कोल इंडिया चेयरमैन के रूप में पीएम प्रसाद झारखंड के कोयला क्षेत्र के विस्थापन, विस्तार, रैयतों व संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में सकारात्मक रूप से सजग रहकर काम करेंगे। उन्होंने सांसद को आश्वस्त किया कि झारखंड की बेहतरी को लेकर उनका समुचित और गंभीर प्रयास बना रहेगा।



पीएम प्रसाद से मिलते सांसद। ● द फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि पीएम प्रसाद मौजूदा समय में सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीसीएल सीएमडी) हैं, जिन्हें भारत सरकार ने कोल इंडिया का चेयरमैन बनाया है।

## BRIEF NEWS

### बिहार के भवन निर्माण मंत्री डॉ. अशोक चौधरी आज आएंगे रांची

**RANCHI :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी रविवार को 12.50 बजे सेवा विमान से पटना से रांची आएंगे। चौधरी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि वे जदयू कोर कमेटी के सदस्यों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### माकपा ने की जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना

**RANCHI :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने जम्मू कश्मीर के पूंछ सेक्टर में सेना के वाहन पर आतंकवादियों की ओर से किए गए हमले की कड़ी भर्त्सना की है। विप्लव ने शनिवार को कहा कि अभी पिछले ही दिनों जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में भी आतंकी हमले में सेना के पांच जवानों को जान गंवानी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में किसी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है। साथ ही कहा कि इस आतंकी हमले की पूरी जांच होनी चाहिए और किन परिस्थितियों में इस प्रकार का जघन्य आतंकवादी हमला हुआ इससे सबक लेते हुए आतंकवाद से और बेहतर तरीके से निपटने की तैयारी होनी चाहिए।

### प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करने वाले अफसर रहे : बाबूलाल

**RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को ट्वीट करके आईएएस अधिकारी छवि रंजन की भूमिका पर कहा कि उन्हें यह सुनकर हैरानी होती है कि प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करने वाले अफसर रहे। जो लोग छवि रंजन के मौखिक आदेश पर गलत करने से डरते या आनाकानी करते थे, उन्हें प्रताड़ित और तंग किया जाता था। मरांडी के कहा कि प्रेम जैसे दलाल के लिए छवि रंजन ने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से गलत काम कराने के लिए सत्ता संरक्षण के बल पर धौंस दिखाकर आतंक मचा रखा था। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस प्रकार की कार्यशैली वाले छवि रंजन अकेले नहीं हैं। झारखंड को लूट कर खोखला बनाने वाले ऐसे कुछ और बेईमान सीनियर अफसर हैं, जो अधीनस्थों को डरा-धमका कर गलत करवाते हैं। लूट के माल का हिस्सा खुद लेते हैं और ऊपर तक भी पहुंचाते हैं। जब पकड़ में आने का नम्बर आता है तो खुद पल्ला झाड़कर नीचे वालों को फंसाने का प्रयास करते हैं।

### प्रधानमंत्री ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि वर्ष की पहली प्रतियोगिता और पहला स्थान। 88.67 मीटर की वर्ल्ड लीड थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा का दोहा डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### विहिप ने कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा मानहानि का नोटिस

**NEW DELHI :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मानहानि के मामले में 100 करोड़ रुपये के मुआवजे का कानूनी नोटिस भेजा है। विहिप का आरोप है कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनावों के घोषणा पत्र में विहिप के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। नोटिस विहिप की चंडीगढ़ इकाई ने जारी किया है। 4 मई को भेजे गए इस लीगल नोटिस में 14 दिन के भीतर मुआवजा देने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा चुनावों से जुड़े अपने घोषणापत्र में कांग्रेस ने बजरंग दल के खिलाफ और उसके कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की बात की थी। पीएफआई से तुलना करते हुए आरोप लगाया था।

### सांसदों ने मोतीलाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

**NEW DELHI :** शिक्षा एवं विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, संसद सदस्य, पूर्व सांसदों तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने आज पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।

### उपराज्यपाल सिन्हा ने शहीद पैरा कमांडो को दी श्रद्धांजलि



शहीद पैरा कमांडो को श्रद्धांजलि देत उपराज्यपाल मनोज सिन्हा। ● एजेंसी

**JAMMU :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सैन्य अधिकारियों ने राजौरी जिले में मुठभेड़ के दौरान शहीद पांच पैरा कमांडो को श्रद्धांजलि दी है। जम्मू में आईएएफ स्टेशन पर शनिवार सुबह आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ उत्तरी कमान के जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पुलिस और अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को आतंकवादियों के विस्फोट में उत्तराखंड के गैरसैंण के लांस नायक रुचिन सिंह रावत, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के पैराटूपर सिद्धांत छेत्री, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नायक अरविंद कुमार, जम्मू के हवलदार नीलम सिंह और सिरमौर हिमाचल प्रदेश के पैराटूपर प्रमोद नेगी का सर्वोच्च बलिदान हुआ है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ राजौरी पहुंचे

**JAMMU :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ राजौरी पहुंच गए हैं। रक्षा मंत्री के साथ इस दौरान उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, कॉर्प्स कमांडर व्हाइट नाइट कॉर्प्स और जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर भी राजौरी पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री इस दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के अलावा राजौरी-पुंछ में हुए हमलों के बारे में विस्तार से जानेंगे। उन्हें कश्मीर समेत जम्मू संभाग में चल रहे सैन्य अभियानों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कंडी वन क्षेत्र में अभियान के बारे में जानकारी हासिल करने के बाद रक्षा मंत्री जम्मू-कश्मीर खासकर राजौरी और पुंछ में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता कर सकते हैं। इससे पहले दिन में लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने मुठभेड़ स्थल का दौरा किया और उन्हें ग्राउंड कमांडरों द्वारा चल रहे अभियान के घटनाक्रमों की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि जम्मू में राजौरी और पुंछ, जिन्हें एक दशक से अधिक समय पहले आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था, पिछले 18 महीनों में आतंकियों द्वारा किए गए घातक हमलों से अब यहां दहशत का माहौल है। राजौरी के कंडी वन क्षेत्र में पांच जवानों का बलिदान इस साल की तीसरी बड़ी घटना है। यह ऐसे समय में हुआ जब भाटा धूलियां (पुंछ) में सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद सेना पिछले 15 दिनों से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में लगी हुई थी। 20 अप्रैल को इफ्तार के लिए फल और सब्जियां ले जा रहे सेना के एक ट्रक पर आतंकियों द्वारा किए गए हमले में पांच जवान बलिदान हो गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

# HC : मोरहाबादी के दुकानदारों को छह माह के अंदर बसाने का आदेश



**PHOTON REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में शनिवार को मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों को हटाए जाने के मामले को लेकर रौशन कुमार एवं अन्य की रिट याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उन्हें छह महीनों के अंदर वेंडर मार्केट बनाकर उसमें जगह देने का निर्देश दिया है।

अदालत के दिए गए फैसले के अपने पक्ष में होने पर मोरहाबादी के दुकानदारों ने इसे लेकर खुशी जताई।दुकानदारों ने रंग गुलाल लगाकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखे जलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान दुकानदारों ने अपने नेता कुमार रौशन का आभार व्यक्त किया। साथ ही रविवार सात मई को दोपहर एक बजे तक मोरहाबादी में दुकानें बंद रखने एवं हाई कोर्ट के फैसले को लेकर विजय जुलूस निकाले जाने का एलान किया।

विजय जुलूस मोरहाबादी मैदान से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली जाएगी। इस मौके पर कुमार रौशन ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। हम हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। रोज कमाने-खाने वालों के लिए यह एक चमत्कार की तरह है। गरीबों को इंसाफ मिला है।

पिछले वर्ष 27 जनवरी, 2022 को मोरहाबादी में गैंगस्टर कालू लामा की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद जिला प्रशासन ने यहां धारा 144 लगा कर सभी अस्थायी ठेला, खोमचा, गुमटी को हटाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके बाद फुटपाथ दुकानदारों ने इस आदेश के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। वे मान्या पैलेस के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। बाद में हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर किया।

# कला-संस्कृति किसी देश की जड़ होती है : राज्यपाल

**RANCHI :** सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आर्यभट्ट सभागार पहुंचे। इसके अलावा लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर कड़िया मुंडा और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी महोत्सव में शिरकत की। इन विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अदिती डांस ग्रुप ने अपने भरत नाट्यम के प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया. जबकि सिल्ली और ठाकुरगांव के छउ नृत्य समूहों ने मानभूम छउ का प्रदर्शन किया। बाल कलाकार अश्विनी महतो ने अपने कुरमाली गीत से लोगों का दिल जीता।

मुख्य अतिथि और झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस मौके पर कहा कि जब वे झारखंड के राज्यपाल बने थे, तो उनका पहला कार्यक्रम सांसद संजय सेठ का ही सांसद खेल महोत्सव था। उस वक्त उन्होंने देखा था की कैसे खेलों में छिपी हुई प्रतिभाओं को इन्होंने गांव से निकाल कर एक प्लेटफार्म दिया और अब कला के प्रतिभाओं को प्लेटफार्म मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि कला संस्कृति ही किसी देश की जड़ होती हैं, और अगर संस्कृति नहीं रहेगी तो जड़ें भी नहीं रहेंगी।

## BRIEF NEWS

### प्रदेश जदयू प्रभारी अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची

**RANCHI :** झारखंड में जदयू अपनी सियासी जमीन तलाशने की कवायद में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी रविवार को 12.50 बजे सेवा विमान से पटना से रांची आएंगे। वे दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं. इस दौरान जदयू कोर कमिटी के सदस्यों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान व संगठन की समीक्षा करेंगे। राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

### वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे पर हेल्थ पॉडकास्ट लॉन्च

**RANCHI :** वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के मौके पर हेल्थ एवं हाइजीन कंपनी रेकिट ने अपने प्रमुख कैम्पेन 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' के तहत भारत का पहला पब्लिक हेल्थ एवं हाइजीन केंद्रित पॉडकास्ट 'बनेगा स्वस्थ इंडिया-स्वास्थ्य मंत्र' लॉन्च किया है। पॉडकास्ट का प्रमुख उद्देश्य युवा दर्शकों को इस अभियान में शामिल करना और सेहत से जुड़ी अच्छी आदतों को विकसित करने के महत्व के संदेश को आम लोगों तक फैलाना है। यह पॉडकास्ट दर्शकों के लिए स्पॉटिफाई, एप्पल पॉडकास्ट, गूगल पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है।

### बूटी में फुलखुंदी व झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न

**RANCHI :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली मंडा पूजा में 65 भोगता एवं उतने ही सोगताइनों ने मंडा पूजा किया। देर रात लहलहाते हुए आग पर शिव भक्तों ने चलकर दर्शकों का आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं रात में बंगाल से आए हुए छऊ नृत्य, पार्टियों ने बूटी मोड़ क्षेत्र के ग्रामीणों का काफी मनोरंजन किया। दूसरे दिन झूलन एवं मेला का आयोजन किया गया, जिसका लोगों ने काफी लुफ्त उठाया। वही मेला का विधिवत उद्घाटन संरक्षक राम किशोर ओहदार एवं ललकु महतो के द्वारा किया गया। मेला में अलासा नागपुरी ग्रुप के कलाकारों ने मेला में चार चांद लगा दी। मेला में मिठाई एवं झुला आकर्षण का केंद्र रहा। श्री ओहदार ने बताया कि मंडा पूजा से बुटी मौजा में सुख, शांति एवं दुखों को हरने वाला मंडा पर्व है। मंडा पर्व को खास बनाने में श्री श्री मंडा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष राम ओहदार एवं कार्यकारी अध्यक्ष अमर महतो एवं समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### प्राईवेट स्कूलों की लूट पर हो कार्रवाई : राजेश

**RANCHI :** आओ कभी चौराहे पर अभियान के तहत सामाजिक - राजनीतिक कार्यकर्ता राजेश कुमार ने शनिवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर पोस्टर के माध्यम से राज्य में शुरू किये गये 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के लिये मुख्यमंत्री का आभार जताया। राजेश ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था की बेहत्तरी की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है ! राज्य के मुखिया इसके लिये बधाई व प्रशंसा के प्रात्र हैं। राज्य में इस तरह के विद्यालयों की संख्या बढ़नी चाहिये। किन्तु अगर इन विद्यालयों का संचालन और व्यवस्थापन उचित तरीके से नहीं किया गया तो इसका परिणाम ढाक के तीन पात जैसा होगा और राज्य की बदहाल शिक्षा व्यवस्था में एक और अध्याय जुड़ जायेगा। दुसरी और शिक्षा के नाम पर प्राईवेट स्कूलों ने लूट मचा रखी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**PHOTON REPORTER RANCHI :** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर शनिवार को पिस्कामोड़ शारदा बैटरी गली स्थित ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था में छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के तत्वावधान मे एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को मुख्यअतिथि द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलोंग रांची के निदेशक डॉ०एस०के०निराला एवं क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने संबोधित किया।अपने संबोधन में डॉ.निराला ने कहा देश में प्रतिवर्ष 06 मई को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है खाद्य सामग्री की बर्बादी को रोकना साथ ही हमें तंदुरुस्त रहने के लिए पौष्टिक उपलब्ध करना। आगे डॉक्टर निराला ने कहा धूप हो अथवा बरसात, दिन हो या रात हमारें किसान भाई खेतों में काम कर अनाजों का उत्पादन करतें है। इन अनाजों की बर्बादी किसी भी हालत में ना हो, हमारा कर्तव्य बनता है अनाजों की सुरक्षा करना। हमारा देश भारत गांव के किसानों पर ही निर्भर है हमेशा हमें किसानों का मान सम्मान एवं आदर करना चाहिए।अभी गर्मी के मौसम में हम सबों को ताजे हरी साग सब्जी,फल फूल एवं दूध का सेवन करना चाहिए तभी हम अपने आप को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रख सकते हैं।

क्लब अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, अशोक कुमार राणा एवं राजकिशोर राणा की ओर से पिस्कामोड़, मधुकम बस्ती में आम लोगों के बीच नींबू, आम, पुदीना का शर्बत, लस्सी, आयुर्वेदिक हेल्थ टॉनिक, पंच तुलसी, विटामिन सी, अमृतांजन की टॉफी, ओ.आर. एस. आदि का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से डॉ.सुदर्शन महतो, शिखा कुमारी, शंकर साहू, अजय कुमार, राजकुमार साहू, कुमार राजीव रंजन, रौशन चौधरी, प्रियंका चौधरी, कुमारी पूनम, गणेश कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार शर्मा, सतीश सिंह, सोनू साहू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शिक्षक संघ के सदस्य जतरु महली का निधन

**RANCHI :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ मांडर प्रखंड इकाई के अध्यक्ष सह सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय चुंद मांडर रांची के जतरु महली का शनिवार को निधन हो गया। रिम्स अस्पताल में ब्रेन इंजरी के इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि जतरु महली अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र छोड़ गए। रविवार को इनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव तिलसिरी लोहरदगा में किया जाएगा। मांडर प्रखंड इकाई में शिक्षक जतरु महली काफी लोकप्रिय संघर्षशील और मृदुभाषी थे। संघ के लिए यह अपूरणीय क्षति हुई, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती है। इनके निधन पर शोक प्रकट करने वालों में बिजेंदर चौबे, नसीम अहमद,राकेश कुमार, अजय ज्ञानी आदि शमिल हैं।

# रांची निवासी लेखिका मेघा श्रीवास्तव नयी दिल्ली में एशियाई शिक्षा पुरस्कार 2023 से सम्मानित



नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में मेधा को सम्मानित करते अतिथि।

**PHOTON REPORTER RANCHI :** धुर्वा निवासी मेघा श्रीवास्तव को वर्ष के गतिशील लेखक के रूप में एशियाई शिक्षा पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ केजी बालाकृष्णन और रिटायर्ड मेजर जनरल संजय सोई कने उन्हें यह सम्मान दिया। मेघा श्रीवास्तव यह अवार्ड गतिशील लेखक के रूप में दिया गया। अवार्ड लेने के बाद मेघा ने बताया कि मेरे लेखन को असंख्य पत्रिकाओं और पुस्तक संग्रहों में देखा जा सकता है। मैं विभिन्न एंथोलॉजी में लेखक और सह-लेखक हूं और कई प्रकाशनों का हिस्सा हूं। मेरे कुछ लेख रिकॉर्ड की अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकों और रिकॉर्ड की ओएमजी पुस्तकों में दर्ज हैं। साथ मेरी पुस्तक इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड में शामिल हो चुका है। मेघा ने कहा कि मैं अपने लेखन से उन लोगों के लिए जागरूकता लाना चाहता हूं जो सोचते हैं कि महिलाएं कुछ नहीं कर सकतीं। ज्ञात हो कि मेघा श्रीवास्तव को स्त्री वन इंडिया एंगेजिंग लिटरेचर अवार्ड 2022, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ लेखक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2022, एमटीटीवी इंडिया की ओर से एक युवा लेखक के रूप में इंडियन आइकॉन अवाड्र्स 2023, अंतर्राष्ट्रीय गोल्डन लीडरशिप अवार्ड 2023, अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मान 2023 आदि कई सम्मान मिल चुके हैं। इनका बचपन पतरातू थर्मल में बीता है। वर्तमान में रांची धुर्वा में रह रही है।

# गैंगस्टर अनिल शर्मा रिम्स में इलाजरत

**PHOTON REPORTER RANCHI :** हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर मृणाल कुंज अनिल शर्मा का ईलाज कर रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि कई टेस्ट कराये गये हैं। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग स्थित जेपी कारा में बुधवार की सुबह चार बजे के करीब सीने में दर्द हुआ था। कारा चिकित्सकों ने जांच के बाद हार्ट अटैक आने के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां के कैदी वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। इस बीच बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। उल्लेखनीय है कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है।

# रिम्स शासी परिषद के निर्णयों को नहीं पहनाया जा सका अमलीजामा, समस्यायें बरकरार

**PHOTON REPORTER RANCHI :** एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिए गए फैसले को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। गौरतलब है कि 26 मार्च को शासी परिषद की 55वीं बैठक हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। इनमें मुख्य रूप से मरीजों को सात दिन में सात बेडशीट (हर दिन अलग-अलग रंग) का बेडशीट देने का निर्देश दिया गया था। ताकि साफ और स्वच्छ वातावरण में मरीजों का इलाज हो सके, लेकिन अबतक यह व्यवस्था कायम नहीं हो सका है। लॉन्ड्री के लिए नए सिरे से निविदा निकालने का निर्देश दिया गया था। वहीं बैठक में लिफ्ट की खरीदारी और मेंटेनेंस करने का निर्णय लिया गया था। बता दें कि रिम्स में कुल 44 लिफ्ट हैं। इनमें कई लिफ्ट पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। वैसी जर्जर लिफ्ट को हटा कर उसकी जगह पर नए लिफ्ट खरीदने के निर्देश दिए गए थे। जबकि मेंटेनेंस की जरूरत के लायक लिफ्टों का मेंटेनेंस करने का निर्देश दिया गया था। वहीं लिफ्ट संचालन के लिए निविदा निकालने की बात कही गई थी. साथ ही रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती मरीजों को फर्श पर इलाज से छुटकारे के लिए नेत्र विभाग के 90 बेड का इस्तेमाल करने की बात कही गई था. लेकिन निर्देश के बाद भी प्रबंधन इसे धरातल पर नहीं उतार सका है। इस संबंध में रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि नेत्र अस्पताल को शिफ्ट करने के बाद ही न्यूरो के मरीजों को फर्श पर इलाज कराने से राहत मिलेगी।

# मदरसा दारुल कुरान का 12 वां जलसा ए दस्तारबंदी 8 जून को

**PHOTON REPORTER RANCHI :** मदरसा दारुल कुरान बड़ी मस्जिद हिंदपीढ़ी रांची का 12वां जलसा ए दस्तारबंदी 8 जून दिन गुरुवार को होना है।

इसके मुख्य अतिथि दारुल उलूम देवबंद के उप प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती राशिद होंगे, और विशेष वक्ता ओडिशा मदरसा मरकाजुल उलूम सोंगडा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती नकीब उल अमीन होंगे।

जलसा ए दस्तारबंदी की अध्यक्षता झारखंड की शान, शेख उल हदीस, दर्जनों एदारा के संरक्षक और जामिया रशीदुल उलूम चतरा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद मजाहिरी करेंगे।

उक्त जानकारी मदरसा दारुल कुरान बड़ी मस्जिद हिंदपीढ़ी रांची के प्रिंसिपल हजरत मौलाना हाफिज जुबैर अहमद ने दी है। उन्होंने बताया कि जलसा ए दस्तारबंदी की तैयारी चल रही है। इस जलसे में 22 हुफ्फाज ए कराम के सरो पर दस्तार ए फजीलत( पगड़ी) बांधी जाएगी। उन्होंने से सभी से जलसा दस्तारबंदी में शिरकत होने की अपील है।

# छवि रंजन को निलंबित नहीं सेवा मुक्त करे हेमंत सरकार : नायक

**RANCHI :** छवि रंजन आईएएस को निलंबित नहीं सेवा से बर्खास्त कर करे हेमंत सोरेन सरकार तब ही झारखंड में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकता है। उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने शनिवार को छवि रंजन को ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। उन्होंने आगे कहा कि समय है झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त करने का और ऐसे समय में ऐसे भ्रष्ट आईएएस पदाधिकारी को मुअतल नहीं नौकरी से सेवा मुक्त कर दिया जाना चाहिए ताकि झारखंड में भविष्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सके। श्री नायक ने आगे कहा कि ऐसे छवि रंजन जैसे भ्रष्ट पदाधिकारी की कमी झारखंड में नहीं है। सरकार को भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए और भ्रष्ट आईएस के मामले में सरकार को तुरंत संज्ञान लेकर सजा की व्यवस्था करनी चाहिए।

# ह्रदय रोगियों के लिए रिम्स में नि:शुल्क कैंप 13 व 14 मई को

**PHOTON REPORTER RANCHI :** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग और प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क ह्रदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निःशुल्क ह्रदय चिकित्सा योजना के तहत कैंप 13 एवं 14 मई को रिम्स में लगेगा। ह्रदय रोग से ग्रसित बच्चे, वयस्क एवं बुजुर्ग इस कैंप का लाभ ले सकते हैं। इस संबंध में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर ह्रदय रोग से




ग्रसित मरीजों की सूची विहित प्रपत्र में भेजने का निर्देश दिया है। सभी जिला मुख्यालय से चिकित्सा पदाधिकारी की देखरेख में मरीजों को स्क्रीनिंग के लिए रिम्स लाया जाएगा एवं वापस जिला मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा।

मरीजों के लिए यात्रा के क्रम में अल्पाहार की भी व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्यभर के कार्डधारी ह्रदय रोग के मरीज अपने नजीदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्क्रिनिंग हेतु अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज एवं सर्जरी प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रीसर्च फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य साईं ह्रदय अस्पताल में किया जाएगा।

विदित हो कि निःशुल्क ह्रदय चिकित्सा योजना का आयोजन वर्ष 2022 के नवंबर महीने में रिम्स में किया गया था। जिसमे राज्य के सभी जिलों से लगभग 1400 बच्चों एवं व्यक्तियों को स्वास्थ्य जाँच हेतु रिम्स भेजा गया था, जहां पर रिम्स एवं प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एवं रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से कुल लगभग 400 बच्चों एवं व्यक्तियों का ईलाज शल्य क्रिया के माध्यम से राजकोट एवं अहमदाबाद में किया गया था। मरीजों के इलाज, आवासान, भोजन एवं आने-जाने की निःशुल्क झारखंड सरकार की ओर से की गई थी। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक (आईईसी) डॉ अनिल कुमार ने दी है।

## 'मेरी आवाज मेरी पहचान' की टीम ने ट्रेड फेयर में लिया भाग

# मेगा ट्रेड फेयर में टीम सबका कर रही है मनोरंजन

**PHOTON REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है लोग मेले में आकर लुत्फ उठा रहे हैं । मेरी आवाज मेरी पहचान की ओर से आने वाले मेले में सभी का मनोरंजन करा रही है। मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी कलाकार आने वाले मेले में लोगों का भरपूर मनोरंजन करा रही है । मेले में आने वाले लोगों का कलाकारों के द्वारा गाया हुआ गीत खूब पसंद किया जा रहा है । मेले घूमने वाले लोग यहां कभी बोर नहीं होते हैं । यहां मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध है ।




टीम में शामिल फिल्म अभिनेता देवेश खान सहित अन्य कलाकार।

मेगा ट्रेड फेयर में बॉलीवुड एक्टर देवेश खान और जनार्दन झा का स्वागत किया गया । सभी ने बॉलीवुड एक्टरों के साथ फोटो खिंचवाई । देवेश खान ने कहा कि लोग मेले में आ रहे हैं । मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी कलाकार सभी का मनोरंजन कर रही है । रविवार को मेरी आवाज मेरी पहचान की पूरी टीम कुछ खास कार्यक्रम पेश करेगी। टीम ने लोगों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम को देखने के लिए मोरहाबादी अवश्य आयें। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, आनंद जालान , सिंगर कुमार गहलोत सिंगर कविता होरो, वीणा श्री, सिंगर आफताब आलम, बुलंद अख्तर, अभिषेक कुमार रामाधीन ,नैना राय , साबिर हुसैन जमाल अख्तर ,सुलोचना सहदेव आदि मौजूद रहे।

# श्री चैती दुर्गा मंदिर में किया गया भोग प्रसाद का वितरण



**PHOTON REPORTER RANCHI :** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तलाब में प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। इसमें खिचड़ी, अचार, बुंदिया,चीफस और आलू चोखा वितरण किया गया।

इसमें मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी,करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदी उपस्थित थे। यह जानकरी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय नें दी।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Sunday, 07 May 2023

## BRIEF NEWS

### टोटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी, पांच लोग घायल

**KODARMA :** कोडरमा थाना अंतर्गत लोहा सीकर नदी के समीप शनिवार सुबह टोटो के अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा जाने से टोटो सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान सरिता देवी (27), द्रौपदी देवी (55), मंजू देवी ( 25 ), नकुल पासवान (35) एवं फुलवा देवी (57) सभी बडकनगांगो, हजारीबाग के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सभी कोडरमा बरसोतियाबार में शादी समारोह में आए थे और वापस लौट रहे थे। लोहासीकर के समीप अनियंत्रित होकर टोटो के पेड़ से टकरा गई। ग्रामीणों और 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

### बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव 11 मई को करेंगे

**RANCHI :** राज्य में बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 11 मई को करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में बालू घाटों के अलावा डीएमएफटी फंड की भी समीक्षा होगी। डीएमएफटी फंड में 50 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं हो सकी है। वहीं, अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने व अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की भी समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में 608 बालू घाट हैं, जिसमें केवल 23 बालू घाटों की ही नीलामी हो सकी है। हाल ही में राज्य सरकार ने बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ सघन अभियान चलाया था। वहीं, जिलों को भी तत्काल नीलामी का निर्देश दिया गया है। अब तक 12 जिलों की ओर से डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट पूरी कर बालू घाटों की वित्तीय निविदा जारी कर दी गयी है।

### पत्नी ने पति की हत्या कर थाने में किया सरेंडर

**WEST SINGHBHUM :** चक्रधरपुर प्रखंड के टोकलो थाना स्थित हतनाबेड़ा गांव में धारदार हथियार से मारकर एक पत्नी ने पति की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में पत्नी सीमा होनहागा ने धारदार हथियार से पति बुधराम सामड की हत्या कर दी। घटना शुक्रवार देर रात की है। बताया गया कि हतनाबेड़ा गांव में बुधराम सामड का कुछ साल पहले सीमा होनहागा के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद से दोनों में विवाद होने लगा था। रात में कुछ मामले को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने धारदार हथियार से पति के सिर और गर्दन में वार कर हत्या कर दी। इसके बाद शनिवार की सुबह पत्नी ने टोकलो थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। टोकलो थाना प्रभारी विल्सन गुड़िया ने बताया कि पत्नी ने आपसी विवाद में पति की हत्या कर दी।

### पलामू में छह क्रशरों के लाइसेंस रद्द

**PALAMU :** जिले में अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को डीएमओ आनंद ने हरिहरगंज अंचल में अवैध रूप से संचालित कुल छह क्रशरों का लाइसेंस रद्द कर दिया। इनमें राजा स्टोन चिप्स, वंदे पुरुषोतम स्टोन चिप्स, जय माँ शक्ति स्टोन चिप्स, जय गुरु स्टोन चिप्स, आनंद स्टोन चिप्स, बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स के नाम शामिल हैं। उपायुक्त ए दोड्डे ने सभी क्रशर संचालकों को खनन एक्ट के तहत ही क्रशर का संचालन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से क्रशर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक

**PALAMU :** महाराणा प्रताप जयंती को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक पाटन मोड़ अवस्थित विवाह मंडप में शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह ने की जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। बैठक में 6 जून को महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवा टीकर मेदनीनगर में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जयंती के प्रचार-प्रसार सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गईं।

# भारत 2047 तक बनेगा ऊर्जा में आत्मनिर्भर, 2070 तक नेट जीरो हासिल करने का लक्ष्य

**PHOTON NEWS DHANBAD**

भारत 2047 तक ऊर्जा इंडिपेंडेंट यानी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन जाएगा। इसके साथ ही 2070 तक नेट जीरो हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे पूरा करने के लिए आइआइटी आइएसएम जैसे संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आइआइटी आइएसएम ने शुरूआत कर दी है।

आइआइटी आइएसएम के निरसा परिसर में हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर स्थापित होने जा रहा है। इसको लेकर हितधारकों की हुई बैठक में यह बात निकलकर सामने आयी। निरसा परिसर में आइआइटी, एनआइटी, राज्य विश्वविद्यालयों, सीएसआइआर प्रयोगशालाओं, प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों और स्टार्टअप फाउंडेशन जैसे अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से एक हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर (एचवीआइसी) स्थापित कर नई तकनीक विकसित की जाएगी। ग्रीन हाइड्रोजन को भविष्य की एनर्जी के तौर पर देखा जा रहा है। यह लक्ष्य की ओर ले जाएगी।

सेंटर आफ हाइड्रोजन एंड कार्बन कैप्चर स्टोरेज एंड यूटिलाइजेशन टेक्नोलाजीज (सीएचसीसीयूएसटी) आइआइटी आइएसएम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के समक्ष विचारों का आदान-प्रदान हुआ। निरसा परिसर में स्थापित होने वाला हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर स्थापित होने वाला पूर्वी भारत का पहला केंद्र होगा। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से शैक्षणिक पेशेवर, औद्योगिक प्रतिनिधियों, अनुसंधान वैज्ञानिकों और सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीएचसीसीयूएसटी के हेड संदीपन कुमार दास और हाइड्रोजन वैली प्लेटफाम एवं एचवीआइसी परियोजना के निदेशक डा.रंजीत कृष्ण पई ने जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा पर विस्तृत चर्चा की। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के राहुल कुलश्रेष्ठ ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव और बहुमूल्य विचार साझा किए।

## JHARKHAND में बायोमास से हाइड्रोजन बनाने की है क्षमता

तकनीकी सत्र में सीएसआइआर-आइआइसीटी हैदराबाद के डा.उज्ज्वल पाल ने पानी से हाइड्रोजन पैदा करने के फोटोकैटलिटिक और इलेक्ट्रोकैटलिटिक तरीकों पर अपने शोध को साझा किया।

आइआइटी कानपुर से प्रो. शांतनु डे, आइआइटी धनबाद से प्रो अरुण कुमार सामंत और विवार्ता ग्रीनटेक साल्यूशंस के निदेशक आपरेशंस रंजू गोपाल बर्मन ने बायोमास से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के तरीके और झारखंड में इसकी विशाल क्षमता को प्रस्तुत किया। यह भी बताया कि हाइड्रोजन भंडारण और वितरण हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है।

हाइड्रोजन के उपयोग के पहलू को आइआइटी आइएसएम धनबाद के प्रो. सिद्धार्थ सेनगुप्ता और प्रो. गणेश चंद्र नायक और टाटा स्टील के कोल एंड कोक मेकिंग रिसर्च ग्रुप एवं पर्यावरण अनुसंधान समूह के प्रमुख डा.प्रतीक स्वरूप दास ने विस्तार से व्याख्या की। इसके बाद प्रोसेस एंड टेक्नोलाजी टेक्नीप एनर्जी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट उग्रसेन यादव ने हाइड्रोजन-आधारित तकनीकों को बढ़ाने से संबंधित चुनौतियों और इन्हें दूर करने के संभावित तरीकों पर प्रकाश डाला।

समापन समारोह में आइआइटी आइएसएम के निदेशक प्रो राजीव शेखर ने शिक्षा-उद्योग के घनिष्ठ सहयोग और नए विचारों को प्रेरित करने पर जोर दिया।

# SARAIKELA में महिला होमगार्ड की गोली मारकर हत्या

**PHOTON NEWS SARAIKELA**

सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण अस्पताल के सामने बदमाशों ने दुकान चलाने वाली एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार कुचाई की नम्रता सामड़ (35) झारखंड होमगार्ड की कॉन्स्टेबल थी। बीते शुक्रवार की रात करीब आठ से नौ के बीच वह दुकान को बंद कर करने के लिए सामान समेट रही थी। इसी दौरान किसी बदमाश ने नम्रता के सिर पर पीछे से गोली मार दी। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा भी बरामद किया है।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर कुचाई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही वह दम तोड़ चुकी थी। बाद में कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने कुचाई सीएचसी पहुंच कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नम्रता को उसके दुकान में किसी अज्ञात व्यक्ति ने देशी कट्टा से गोली मारी है, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता शनिवार को कुचाई अस्पताल पहुंचे और मृत महिला कॉन्स्टेबल के परिजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा नेता गणेश महली ने स्थानीय जिला प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जल्द मामले का खुलासा नहीं हुआ तो भाजपा जिला कमेटी जोरदार आंदोलन करेगी।

### विचाराधीन कैदी को आया मिर्गी का दौरा, मौत

**LATEHAR :** मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी सेन्धु मुंडा की शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। सेन्धु मुंडा चंदवा के हेसला गांव का रहने वाला था। वह 4 दिन पूर्व चंदवा प्रखंड में डायन बिसाही के शक में दंपति हत्याकांड का आरोपित था। इसी मामले में 4 दिन पहले वह जेल में आया था। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसे मिर्गी का दौरा आया और वह बेहोश हो गया। जेल के अस्पताल में इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लातेहार सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर श्रवण महतो ने बताया कि कैदी को मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिससे उसकी मौत हुई है। कैदी की मौत की सूचना पर एसडीएम शेखर कुमार ने लातेहार प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव को मजिस्ट्रेट के रूप में सदर अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मृतक कैदी के परिजनों को भी दे दी गई है। वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मृतक कैदी के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# RAMGARH में अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक पत्रकार घायल

**PHOTON NEWS RAMGARH**

शनिवार का दिन रामगढ़ जिले के लिए एक बार फिर एक काला दिन साबित हुआ। सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो कहीं अगलगी की घटना में भारी नुकसान हुआ। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन पर दो अलग अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि रामगढ़-बोकारो मार्ग में स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क दुर्घटना में एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना स्थल पर मृत पड़ा युवक व ग्रामीणों की भीड़। ● द फोटोन न्यूज

जानकारी के अनुसार पहली घटना कोठार ओवर ब्रिज के निकट एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत युवक की पहचान सिमराबेड़ा महुआटांड़ बोकारो निवासी महेंद्र किस्कू (23) के रूप में की गई है।

दूसरी घटना शनिवार की शाम ग्राम कोठार के समीप एनएच 33 पर हुई। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे बुलेट पर सवार दो युवकों को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चकनाचूर हो गई और दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अभय कृष्ण गिरी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर दोनों युवकों का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो पाई है।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए वरिष्ठ पत्रकार

रामगढ़-बोकारो मार्ग पर स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पत्रकार को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## किराना दुकान में लगी आग, लाखों के संपत्ति जली

शहर के रांची रोड में जय माता दी जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस आगजनी में लाखों रुपए की संपत्ति जल गई। इस संबंध में दुकान का मालिक सोनू शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब यह दुकान आए तो देखा कि दुकान के अंदर का सारा सामान जल गया है। अगलगी की दूसरी घटना विकासनगर में जिओ कंपनी के टावर में हुई। यह टावर सुरेंद्र राय नामक व्यक्ति के जमीन पर लगा था। जानकारी के अनुसार टावर के जनरेटर में अचानक आग लगी और वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। घटनास्थल पर पहुंची टीम ने आग को बुझाया।

# अधिवक्ता कन्या विवाह व सांत्वना योजना को किया गया लागू : आनंद अग्रवाल

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी की बैठक में शनिवार को दो बेहद महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की गई। संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि सर्वसम्मति से अधिवक्ता कन्या विवाह एवं सांत्वना योजना को लागू किया गया है।



योजना को लागू होने के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाते लोग। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के बहुप्रतीक्षित मांग बहुत पहले आम सभा से पारित हो गई थी। अधिवक्ता कन्या विवाह योजना एवं अधिवक्ता सांत्वना योजना को सर्वसम्मति से लागू करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत सभी अधिवक्ताओं को उनकी पुत्री के शुभ विवाह में जिला अधिवक्ता संघ द्वारा कन्यादान के रूप में 21000 नगद दिया जाएगा। साथ ही यदि किसी अधिवक्ता के माता-पिता का देहांत होता है तो सांत्वना स्वरूप क्रिया कर्म के लिए 10000 का आर्थिक मदद किया जाना है।

उक्त प्रस्ताव को आज कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आम सभा में पारित तिथि से ही सभी अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। आज की बैठक में मुख्य रुप से जिला अधिवक्ता संघ के विकास कार्यों संबंधित बहुत से प्रस्ताव को पारित किया गया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष झलक देव महतो, महासचिव सीताराम, कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो, सहकोषाध्यक्ष धनंजय यादव, लाइब्रेरियन शंभू तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, राजू कुमार उपस्थित थे।

# PM की तारीफ और GOVERNER के आगमन से गिरिडीह के सिंहपुर की महिलाओं का बढ़ा आत्मबल

**PHOTON NEWS GIRIDIH**

जिले के पीरटांड़ के सिंहपुर गांव के हस्त शिल्प कला केंद्र की तारीफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात रेडियो प्रोग्राम के एक एपिसोड में की थी। मोदी की इस तारीफ से आसपास के गांवों की महिलाओं को आत्मबल मिला और उनके बांस के उत्पाद तैयार करने के काम में तेजी आ गई।

अब दो दिवसीय गिरिडीह दौरे के क्रम में सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी बीते शुक्रवार को पीरटांड़ के सिंहपुर गांव पहुंचे। वे यहां महिलाओं द्वारा बनाए जाए रहे बांस के घरेलू उत्पाद देखकर काफी खुश हुए और हौसला आफजाई भी की। राज्यपाल के आगमन से इन महिलाओं का उत्साह और बढ़ गया।

इस हस्त शिल्प कला केंद्र में बांस से बने घरेलू सजावट के समान बना रही महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य चिंता कुमारी ने कहा कि उन्हें सरकार से हर संभव सहयोग मिल रहा है। बांस से महिला बहनें चाय पीने वाले कप बनाने से लेकर घर में सजावट के लिए स्टैंड और पानी के बड़े जहाज तक बना रही है। इतना ही नहीं फूलों के ढेर रखने के लिए गुलदस्ता और दरवाजा सजाने के लिए झालर तक इसी बांस से बनाया जा रहा है।

चिंता कुमारी ने कहा कि सरकार ने नाबार्ड के माध्यम से उन्हें इन सामानों को बनाने की पूरा ट्रेनिंग दी। बांस काटने का मशीन उपलब्ध कराया गया। इसे काट कर अलग-अलग सजावट के समान बनाने और रंग तक का ट्रेनिंग दिया गया। उनके घरेलू उत्पाद बाजारों तक पहुंचे इसके लिए मार्केटिंग की व्यवस्था भी नाबार्ड ने की। अब सिंहपुर गांव में ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है। यहां हर रोज सौ से अधिक महिलाएं ट्रेनिंग ले रही हैं जबकि सौ से अधिक महिलाएं सामान बना भी रही हैं।

सौ महिलाओं को 200 से 300 और 400 तक की कमाई हो जाती है। देश-विदेश से सम्मेद शिखर मधुबन आने वाले पर्यटक हस्तशिल्प घरेलू रेंज क्रय करते हैं। महिलाओं को जुड़ते देखकर अब सिंहपुर गांव के साथ पीरटांड़ के वीरेनगडा समेत आधा दर्जन गांव की महिलाओं ने ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया है। कई महिलाओं ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात प्रोग्राम में सिंहपुर की चर्चा किये जाने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। शुक्रवार को राज्यपाल के आगमन के बाद तो महिलाएं काफी खुश हैं।

महिलाओं का मानना है कि उनके उत्पाद का मार्केट बढ़ेगा, जिससे आर्थिक रूप से और संबल होगी। इस बाबत सिंहपुर के शिक्षक मनोज अग्रवाल का मानना है कि तकरीबन एक हजार की आबादी वाले सिंहपुर और उतनी ही आबादी वाले बिरनगडा जैसे मधुबन से सटे गांवों के महिला-पुरुष काफी मेहनती हैं। इनकी मेहनत तभी पूरी सार्थक होगी जब हस्तशिल्प बांस के उत्पाद को महानगरों का बाजार मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी इनका बाजार सीमित है, जिसे व्यापक बनाने की जरूरत है।

## CM के कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने पतरातू लेक रिसॉर्ट का किया निरीक्षण

# DC ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रिसोर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

**PHOTON NEWS RAMGARH**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पतरातु लेक रिजॉर्ट आ सकते हैं। अगले 72 घंटे में कभी भी मुख्यमंत्री का आगमन होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, डीटीओ सौरभ प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों ने पतरातु लेक रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रिसॉर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।



पतरातू लेक रिसॉर्ट का निरीक्षण करती उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

इस क्रम में जिला प्रशासन एवं पतरातु लेक रिसोर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातु लेक रिसोर्ट में आ रहे पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसोर्ट में भीड़ भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।

पतरातु लेक रिसॉर्ट में बड़ी संख्या में पर्यटक नौका विहार करते हैं। उपायुक्त ने रिसॉर्ट के अधिकारियों को नौका विहार के लिए सभी दिशानिर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के उपरांत ही पर्यटकों को नौका विहार की अनुमति देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने रिसोर्ट में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए पर्यटकों को और भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

# DC ने हरी झंडी दिखाकर छात्र दल को NETARHAT किया रवाना



हरी झंडी दिखाकर छात्र दल को रवाना करते डीसी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA**

डीसी ने चार दिवसीय ट्रैकिंग एंड नेचर स्टडी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर नेतरहाट रवाना किया।

डीसी ने कहा कि स्काउट गाइड हर एक अच्छे कार्य को ईमानदारी से करते हैं। स्काउट गाइड साहसी और विनम्र होते हैं। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अच्छे अनुभव को जीवन में सहेजने की जरूरत है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वरी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम ने कहा कि प्रकृति को नजदीक से जानने समझने से आपके जीवन में उपयोगी साबित होगा। ट्रैकिंग से प्रोग्राम जीवन लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बिहार के चार मजदूरों की नेपाल में मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**AGENCY PATNA :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेपाल में हुए लैंडस्लाइड में बिहार के किशनगंज के चार लोगों की मौत पर शनिवार को गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही नेपाल हुए लैंडस्लाइड हादसे में बिहार के किशनगंज के रहने वाले चार मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।


निर्माणाधीन मकान से शवों को निकालते लोग।

जानकारी के मुताबिक नेपाल के इलाम जिला अंतर्गत फिकल में पहाड़ी पर निर्माणाधीन मकान धंसने से किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के चार मजदूरों की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। हादसा शुक्रवार को हुआ। बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान यह हादसा हुआ, जिसके बाद हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार वाले घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। मृतकों की पहचान अजीमुद्दीन, मोहम्मद अब्दुल, मोहम्मद तौसीफ और मुजफ्फर के रूप में हुई है। शवों का पोस्टमार्टम नेपाल में करवाया जा रहा है। इसके बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## सहरसा पुलिस ने हथियार सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**AGENCY SAHARSA :** पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के गंगजला में हथियार के खरीद बिक्री को लेकर इकट्ठा हुए तीन लोगो को हथियार, गोली और मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गंगजला पंचवटी चौक स्थित अभिजीत सिंह राजपूत के घर में हथियार की खरीद बिक्री को लेकर कुछ अपराधी इकट्ठा हुए हैं। सूचना के सत्यापन बाद उक्त स्थल पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर छापामारी की गई तो 3 अपराधी नीतिश कुमार पिता चन्द्रकिशोर सिंह, आशीष कुमार पिता लीलानन्द सिंह, अभिजीत कुमार पिता विनोद सिंह को तीन देशी पिस्तौल, तीन मैगजीन, 11 जिन्दा कारतूस वो तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ़्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।गिरफ्तार सभी का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस बात की भी छानबीन की जा रही है कि हथियार कहां से लाये और किसे देनी थी।इस मौके पर सदर थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर ने सीएम से मिलकर दी योजनाओं में गड़बड़ी की जानकारी

**AGENCY BAGUSARAI :** महापौर पिंकी देवी में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर नगर निगम के विकास पर चर्चा किया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जल्द राशि उपलब्ध कराने का आग्रह तथा बुडको एवं नल जल के द्वारा किए गए कार्य की शिकायत किया है।

महापौर पिंकी देवी ने बताया कि पिछले तीन दिनों के पटना प्रवास के दौरान विकास के लिए ही संकल्पित रही। पूरे बिहार के नगर निगम के महापौर एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पटना के होटल लेमन ट्री में आहूत था। प्रशिक्षण के दौरान प्रधान सचिव से मिलकर बेगूसराय की समस्या के संबंध में बताया।

प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद न्याय के साथ विकास की यात्रा के जनक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। उन्हें बुडको के मनमानी एवं नल जल में व्याप्त गड़बड़ी से अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त कराया कि बेगूसराय के विकास के लिए मुख्यमंत्री स्तर से जो भी कदम उठाने पड़ेंगे वह उठाऊंगा। पूर्व महापौर संजय कुमार ने बताया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री संजय झा से भी मुलाकात की।

## पताही में मक्के के खेत से युवक का शव बरामद

**AGENCY EAST CHAMPARAN :** जिले पताही थाना क्षेत्र में मक्के की खेत से एक युवक का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान गोनाही पंचायत के गुजरौल गांव निवासी अजय सिंह के 16 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार उर्फ झून्नू कुमार के रूप में की गयी है। परिजनों के अनुसार सत्यम कल देर शाम से ही गायब था।जिसकी काफी तलाश की गयी,वही सुबह रंगपुर बाजार से पश्चिम गम्हरिया पुल के नासी के निकट मक्क की खेत में ग्रामीणों द्वारा शव देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे पकड़ीदयाल डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## थाना हाजत की खिड़की तोड़कर भाग निकला मोहम्मद चांद गिरफ्तार

**AGENCY BAGUSARAI :** जिले के थाना में बंद एक आरोपित शनिवार को हाजत की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। हालांकि फरार होने की भनक लगते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे फिर गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना ने पुलिस की व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्न खड़ा कर दिया है।

मामला छौड़ाही सहायक थाना का है। जहां कि पुलिस ने शुक्रवार की रात गुप्त सुचना के आधार पर ऐजनी गांव निवासी वारंटी मोहम्मद चांद को गिरफ्तार किया था। शनिवार को रूटीन जनता दरबार चल रहा था। उसके बाद



गिरफ्तार उक्त वारंटी को कागजी कार्रवाई के बाद न्यायालय में उपस्थित करना था।इसके लिए पुलिस पदाधिकारी हाजत खोलकर बंदी वारंटी को निकालने गए तो देखा कि पिछले हिस्से की खिड़की तोड़कर मो. चांद थाना से फरार हो गया है। इसके बाद पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया। फरार को खोजने के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी टीम सक्रिय हो गई तथा थोड़ी देर बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपित थाना की टीम को चकमा देकर फरार हो गया था। लेकिन पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते 30 मिनट के अंदर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से हुए विवाद में चल रहे नालिसी में उसे न्यायालय के वारंट पर गिरफ्तार किया गया था। अब उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

# बिहार की बूढ़ी गंडक में डूबे सभी पांच युवकों के शव मिले, गांव में मचा कोहराम, शोक की लहर

**AGENCY BAGUSARAI :** बिहार के बेगूसराय में बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान शुक्रवार को डूबे सभी पांच युवकों के शव शनिवार को निकाल लिए गए। विष्णुपुर आहोक के जिस घर में बेटी की डोली उठने की तैयारी हो रही थी, वहां से एक साथ पांच बेटों के अर्थी उठाने की तैयारी की जा रही है।

शुक्रवार को दो युवकों स्थानीय निवासी अभिषेक कुमार एवं कुलदीप कुमार के शव मिले जबकि शनिवार को मुंगेर निवासी उत्कर्ष कुमार, मधेपुरा निवासी आकाश कुमार उर्फ ऋषभ कुमार एवं मुंगेर शास्त्रीनगर निवासी प्रिंस कुमार के शव एसडीआरएफ की टीम ने काफी कोशिश के बाद घटनास्थल से थोड़ी दूर पर निकाल लिया।


बूढ़ी गंडक नदी में शवों की खोज करते गोताखोर।

ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की रात विष्णुपुर आहोक निवासी दिनेश सिंह की पुत्री की शादी खगड़िया में होनी थी। शादी को लेकर परिवार और रिश्तेदार शादी की तैयारी में व्यस्त थे। इसी बीच दिनेश सिंह का भतीजा चचेरे भाई, एक फुफेरा भाई एवं दो मौसेरे भाईयों सहित नौ लड़कों के साथ एक वाहन से आहोक पुल के समीप बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने चला गया।

स्नान करने वाले युवाओं को नदी की गहराई का पता नहीं था और जोश में सभी नदी के बीच में चले गए। गहरी खाई में आने से एक युवक डूबने लगा तो उसको बचाने के चक्कर में छह युवक डूब गए। इस दौरान एक युवक किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। उसके शोर करने पर नदी किनारे पशु चरा रहे कीर्तिटोल आहोक घाट निवासी अनिरुद्ध यादव ने लाठी का सहारा देकर एक युवक को डूबने से बचा लिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीणों की भीड़ लग गई। प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने शुक्रवार से ही उनकी तलाश शुरू कर दी थी। फिलहाल, परिवार से जुड़े पांच युवकों की एक साथ हुई मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। शव की बरामदगी खगड़िया जिले की सीमा से होने के कारण सभी युवकों का शव पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो जख्मी

**AGENCY BAGHA :** राष्ट्रीय पथ 727 बेतिया - बगहा मुख्य मार्ग के इंगलिसिया तथा परसौनी चौक स्थित पडरी मोड के समीप शनिवार की सुबह अलग- अलग सडक दुर्घटनाओं में दो व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में हो गई। जिसमें एक जख्मी की स्थिति चिन्ताजनक बतायी जा रही है।

चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि एन एच 727 मुख्य सडक के परसौनी चौक के समीप पडरी मोड पर बाईक व स्कार्पियो की भिडंत में एक बाईक चालक की मौत इलाज के क्रम में हो गई है, जबकि बाईक पर सवार व्यक्ति गंभीर रुप से जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों जख्मियों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

सब - इन्स्पेक्टर शिव शंकर पासवान ने बताया कि मृत व्यक्ति बहुअरवा फार्म के सुकट पासी का बेटा 30 वर्षीय संतोष पासी है।वहीं एक जख्मी पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया थाना क्षेत्र के ललन पासी है। उन्होंने बताया कि दोनों बाईक से परसौनी चौक के तरफ जा रहे थे। अचानक पडरी मोड के समीप तेज रफ्तार से बगहा के तरफ आ रहे स्कार्पियों ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रुप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान बगहा में मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि एन एच 727 मुख्य मार्ग के इंगलिसिया पेट्रोल पंप के समीप गैस लदे ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार दो लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि इलाज के क्रम में एक महिला की मौत हो गई और एक जख्मी की हालत नाजुक है।

## फोरलेन पर वाहन से कुचल कर अज्ञात युवक की मौत

**AGENCY BAGUSARAI :** राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-31) के बेगूसराय-खगड़िया फोरलेन खंड पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई है। घटना बलिया थाना क्षेत्र के जानीपुर ढ़ाला के समीप की है। समाचार भेजे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार को अहले सुबह करीब तीन बजे बलिया थाना को एक युवक के कुचल जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने पूरी तरह से क्षत-विक्षत शव को समेट कर सदर अस्पताल भेजा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## डीजे की धुन पर थिरकने को लेकर मारपीट में एक की मौत

**AGENCY NAWADA :** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के उस्मान गांव में शुक्रवार की देर रात्रि डीजे बजाने को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक की मौत हो गई तथा तीन गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

हिसुआ थाना क्षेत्र के धनवा गांव से आई बारात में डीजे बज रही थी। इसी दौरान उस्मान गांव के कुछ लोग अपने मनपसंद गाना बजाने का फरमाइश करने लगे ।इसी को लेकर बाराती और शराती के बीच तू-तू मैं-मैं शुरू हो गया देखते ही देखते पूरा शादी विवाह का माहौल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। मारपीट के दौरान उस्मान गांव के बैजनाथ यादव के 35 वर्षीय पुत्र अरविंद यादव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।जबकि इस मारपीट में विजय यादव की 40 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी,धर्मेंद्र यादव रंजन कुमार बुरी तरह से घायल हो गए हैं।सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में कराया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष सरोज अख्तर दल-बल के साथ गांव पहुंच कर पूरे हालात को अपने काबू में लिया और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया। जिसके बाद शनिवार की सुबह एसडीपीओ पंकज कुमार दल बल के साथ उस्मान गांव पहुंच कर पूरे मामले की जांच शुरू की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है।

उस्मान गांव के लालमणि यादव की सुपुत्री की शादी में धनवा गांव से बारात लाव-लश्कर के साथ आयी थी।

### BRIEF NEWS

### नवादा में अपराधियों ने दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की डिक्की से 4 लाख रुपये उड़ाए

**AGENCY NAWADA :** नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगर बीघा यूको बैंक के पास शनिवार को खड़ी एक बाइक की डिक्की से करीब 4,00,000 रुपए की चोरी अपराधियों ने कर ली। घटना के संबंध में पीड़िता ने नगर थाना में आवेदन दिया है। प्राथमिकी दर्ज करते हुए नगर थाना की पुलिस ने अज्ञात अपराधियों की खोजबीन के लिए सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। घटना को बाइक सवार दो बदमाशों ने अंजाम दिया है। घटना की तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। बताया जाता है कि यूको बैंक से चार लाख रुपये की निकासी के बाद पैसे को बाइक की डिक्की में रखकर पीड़ित किसी काम से गया था ।तभी दो बदमाशों ने बाइक की डिक्की को तोड़ दिया और चार लाख रुपये निकालकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरी घटना की जानकारी ली। 2 महीने के भीतर 1000000 रुपए से अधिक की राशि अपराधियों ने दिनदहाड़े झपट कर अपराधी घटना को अंजाम दिया है ।जिसमें से अब तक एक भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।नाही दिनदहाड़े झपट कर भागे रुपए बरामद की गई है।

### राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन

**AGENCY ARRARIA :** पटना में 07 मई से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कराटे प्रतियोगिता के लिए अररिया जिला के 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। रेन्शी शमसाद अंसारी के नेतृत्व में चयनित खिलाड़ियों का दल शनिवार को पटना के लिए रवाना हुआ।चयनित सभी खिलाड़ी अलग अलग प्रतिस्पर्धा में 7 मई को आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित किए गए खिलाड़ियों में दिव्या राज, निधि कुमारी, कहकशा परवीन, जानवी प्रिया, आर्यन, चिराग, दिव्यांशु सिंह, प्रियांशु सिंह, दीपचंदरण, तेजस, आनंद, रोहन कुमार, सोनू कुमार, अंजीत कुमार शामिल हैं। मौके पर रेन्शी शमसाद अंसारी एवं सेंसेई मेराज, सेंसई आदित्य ने बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूरी उमीद है कि इस प्रतियोगिता में फारबिसगंज के सभी कराटे खिलाड़ी सफल होकर आयेंगे और अपने जिला का नाम रौशन करेंगें। खेलप्रेमी जेनिथ पब्लिक के संचालक खुर्शीद खान सेंसेई कविता खान सहित अन्य ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### भागलपुर में फाईनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर की गोली मारकर हत्या

**AGENCY BHAGALPUR :** जिले के परवत्ता थाना क्षेत्र के गरैया गांव के समीप शनिवार को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने एक फाईनेंस कर्मी की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक एलएनटी फाईनेंस कंपनी के फिल्ड ऑफिसर पूर्णियां जिले के टीकापट्टी निवासी तीस वर्षीय नकुल कुमार पासवान है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने नकुल को पीछे से गोली मारी है। उसके पीठ और सीने पर गोली के निशान हैं। उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची परवत्ता पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में मृतक के पिता टीकापट्टी निवासी उमेश पासवान के लिखित बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छानबीन के दौरान घटना स्थल से मृतक की पल्सर मोटरसाइकिल, मोबाइल, एक पैर का जूता और एक खोखा बरामद किया है। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर बिखरे खून के नमूने को भी एकत्रित किया है। सूचना मिलते ही नवगछिया के एसपी सुशांत कुमार सरोज ने घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की पड़ताल की है। एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से सघन पूछताछ करने और टावर लोकेशन के आधार पर घटना स्थल पर मौजूद मोबाइल नंबरों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। नवगछिया के एसपी ने ग्रामीण बैंक पहुंच कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की है।

### बिहार के वैशाली में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**AGENCY PATNA :** बिहार में वैशाली जिले के वैशाली-पातेपुर थाना क्षेत्र स्थित चिकनौटा गांव में ट्रक-कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर यह हादसा हुआ। ट्रक और कार की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल आगे की कार्रवाई में जुटे हैं। बली गांव थाने की पुलिस और महुआ एसडीपीओ आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने में लगे हैं। सभी की डेड बॉडी को पातेपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में रखा गया है। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। पांच मृतकों में अभी तक दो की ही पहचान हो पाई है। उनमें से एक रोहित कुमार (25) है, जो समस्तीपुर के चकनूर गांव का रहने वाला है। दूसरा कमलेश कुमार मुजफ्फरपुर के कांटी थाना इलाके का रहने वाला है। हादसे के वक्त रोहित गाड़ी चला रहा था। बाकियों की पहचान की जा रही है।

### विवाहिता ने पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर न्याय की लगाई गुहार

**AGENCY SAHARSA :** जिले के कायस्थ टोला निवासी भावना कुमारी सिंह ने अपने पति पर दहेज प्रताड़ना एवं अवैध संबंध का विरोध करने के कारण मारपीट कर घर निकाले जाने तथा 6 वर्षीय बेटे को स्कूल से अगवा कर लिए जाने की सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में भावना सिंह ने कहा कि मेरी शादी 18 अप्रैल 2016 को जमुनिया ग्राम निवासी सुबोध प्रसाद सिंह के पुत्र प्रीति कुमार सिंह के साथ अरेंज मैरिज हुआ था। शुरूआत के दिनों में सब कुछ सामान्य था। इस बीच उसे 6 वर्षीय पुत्र एवं डेढ़ साल की पुत्री उत्पन्न हुई। लेकिन मेरे पति का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध बन गया।मेरे विरोध करने के कारण मुझे दहेज के लिये प्रताड़ित करने लगा।

### दिल्ली के जंतर-मंतर में कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ धरने का समर्थन

# महिला पहलवानों के समर्थन में एआईएसएफ का प्रदर्शन

**AGENCY BAGUSARAI :** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) जिला इकाई द्वारा शनिवार को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का पुतला जलाया गया।

इस दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र महिला पहलवानों के शारीरिक शोषण का आरोप झेल रहे कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-सांसद को बर्खास्त कर अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। जीडी कॉलेज के मुख्यद्वार पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला सहसचिव सत्यम भारद्वाज एवं रौशन कुमार ने किया।



प्रदर्शन के दौरान पुतला दहन करते एआईएसएफ के कार्यकर्ता।

मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार एवं जिला सचिव मो. हसमत अली बालाजी ने कहा बड़े ही शर्म की बात है कि देश का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों को अपने हक के लिए जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। आज तक सरकार की तरफ से कोई भी नेता प्रदर्शनकारी पहलवानों से मिलने नहीं पहुंचे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी दिल्ली पुलिस बृजभूषण शरण सिंह को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। श्रीकृष्ण महिला कॉलेज अध्यक्ष तान्या वर्मा एवं सन्नी कुमारी ने कहा कि जंतर मंतर पर जारी महिला पहलवानों के प्रदर्शन को कुचलने के लिये आधी रात को लाठीचार्ज कराया गया।

उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार को संवेदनशीलता के साथ इस आंदोलन को समाप्त कराने की दिशा में पहल करनी चाहिए।

## मोतिहारी में गैंगवार में हुई मुकेश पाठक के सहयोगी ठेकेदार ओम प्रकाश की हत्या

**AGENCY EAST CHAMPARAN :** जिले में फेनहारा प्रखंड के इजोरबारा गांव में शनिवार की सुबह हुई गोलीबारी में ठेकेदार की मौत का कारण गैंगवार बतायी जा रहा है।मृतक का संबंध जेल में बंद कुख्यात मुकेश पाठक गिरोह से है। वही मुकेश पाठक सभी कार्यो का भी यही निष्पादन करता था।

मृतक के खिलाफ शिवहर जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।साथ ही दरभंगा के चर्चित दोहरे हत्याकांड में भी इसका नाम सामने आया था। इस हत्याकांड में कालिया गैंग का हाथ होने की आशंका जतायी जा रही है।हालांकि अब तक इसकी कोई पुष्टि किसी स्तर से नही हो पायी है।

उल्लेखनीय है,कि बदमाशों ने शिवहर जिले के श्यामपुर भटहां थानाक्षेत्र के ताजपुर लक्ष्मिनिया निवासी प्रमोद सिंह उर्फ व्यास जी के बेटे ओमप्रकाश सिंह उर्फ बाबू साहेब (42) पर अत्याधुनिक हथियार से अंधाधुध फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया है। घटना में बदमाशों ने ओमप्रकाश की स्कॉर्पियो पर करीब 25 राउंड से ज्यादा गोलियां चलाईं है।बदमाशों का मुख्य टारगेट ओमप्रकाश ही था,क्योंकि इस घटना में उसके साथ स्कार्पियो में सवार चालक और अन्य लोग सकुशल बच गए है।सभी बदमाश बिना नबंर की टाटा सुमो गोल्ड कार पर सवार थे। जबकि ओमप्रकाश काले रंग की स्कार्पियो पर सवार होकर मुजफ्फरपुर में इलाजरत अपनी मां से मिलने फेनहारा मधुबन के रास्ते जा रहा था। इसी बीच इजोरबारा के पास अपराधियों ने सामने से किये गये फायरिंग में उसकी मौत हो गई।


वारदात के बाद घटना स्थल पर उमड़ी लोगों की भीड़।

# योगी की अयोध्या यात्रा के निहितार्थ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निगम चुनाव की दृष्टि से अनेक क्षेत्रों में जनसभा कर रहे हैं। वह स्थानीय मुद्दों के साथ ही प्रदेश मे विकास और कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हैं। इस क्रम में उनकी अयोध्या यात्रा का व्यापक महत्व है। छह वर्ष पहले तक अयोध्या उदास और उपेक्षित थी। विदेशी आक्रांताओं ने यहां विध्वंस किया। आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी, मथुरा और अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इस धारणा को बदल दिया। केवल अस्था ही नहीं तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थ नगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा। सैकड़ों वर्षों की श्री रामलीला परम्परा मे नया अध्याय जुड़ा। श्री राम, जानकी, हनुमान जी, और लक्ष्मण का अभिनय करने वाले प्रतीकात्मक पुष्पक विमान से आते हैं। प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री उनका अभिनन्दन करते है। आरती उतारते हैं।

***अवधपुरी प्रभु आवत जानी। भई सकल सोभा कै खानी॥***
***बहइ सुहावन त्रिबिध समीरा। भइ सरजू अति निर्मल नीरा॥***

फिर जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का समय भी आ गया। दूसरी तरफ श्री राममंदिर निर्माण को रुकवाने के लिए जमीन आसमान करने वाले लोग भी थे। अब मन्दिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मेडिकल कालेज, इंटरनेशनल एयर पोर्ट बन रहा है। अयोध्या की उदासी दूर हुई। उत्साह, उमंग का वातावरण बना। इसकी अभिव्यक्ति दीप जला कर की गई। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गया। तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गया। दूसरा सन्देश असत्य पर सत्य की जीत का था। कार्तिक मास की गहन अंधकार वाली अमावस्या की रात्रि अयोध्या दीयों की रोशनी से नहा गई थी। दीपावली दीपों का पर्व भारतीय पहचान और अस्मिता से जुड़ गया। अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। अयोध्या के मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में क्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन सर्किट का विकास, ब्रांडिंग अयोध्या, चौरासी कोसी परिक्रमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है।अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है। कनेक्टिविटी में सुधार के प्रयास जारी है। इनमें एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के विस्तार, बस स्टेशन, सड़कों और राजमार्गों व ढांचा परियोजनाओं का निर्माण शामिल है। ग्रीनफील्ड टाउनशिप भी प्रस्तावित है। इसमें तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा, आश्रमों के लिए जगह, मठ, होटल, विभिन्न राज्यों के भवन आदि शामिल हैं। अयोध्या में पर्यटक सुविधा केंद्र व विश्वस्तरीय संग्रहालय बेजोड़ होगा। सरयू के घाटों का विकास हो रहा है। ग्रीनफील्ड सिटी योजना, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, सरयू तट पट विकास, पैंसठ किमी लंबी रिंग रोड, पर्यटन केंद्र, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग विकास आदि से अयोध्या की तस्वीर बदल जाएगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अयोध्या के आसपास संचालित लगभग दो हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं कार्य चल रहा है। पहले जो लोग अयोध्या का नाम लेने व आने में कतराते थे। आज उनमें अयोध्या आने की होड़ है। हर व्यक्ति देखना चाहता है कि आखिर अयोध्या में क्या है। प्रधानमंत्री मोदी ने राम जन्मभूमि मुक्ति के इस अभियान को जो स्वरूप दिया है उसका परिणाम है कि इस वर्ष के अंत तक राम मंदिर के भव्य मंदिर निर्माण का काम पूरा होगा। तब अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी में से एक होगी। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को नगर निगम के रूप में मान्यता प्रदान की थी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने वाली है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी है तो सोलर एनर्जी का प्रयोग होगा। समाजवादी पार्टी सरकार ने पहला फैसला रामजन्म भूमि पर हमला करने वालों से मुकदमा वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। किन्तु उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी की इस मंशा को पूरा नहीं होने दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या की सड़कें चौड़ी हो रही हैं। अभी तो कष्ट हो रहा होगा पर इस वर्ष के अंत तक जब काम हो जाएगा, ये सड़कें देश मे सर्वश्रेष्ठ होंगी।

## Social Media Corner
### सच के हक में...



जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आर्मी बेस कैंप का दौरा किया। सीमा पर परिचालन क्षमताओं और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। साथ ही भारतीय सेना के वीर जवानों से बातचीत की। भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के प्रति उनकी भक्ति को सलाम करता है।

**(रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्विटर अकाउंट से)**



छवि रंजन पर कोडरमा डीसी आवास का पेड़ काटने का मुकदमा चल रहा था तब ये सरायकेला-खरसावा ज़िले का उपायुक्त कैसे बने? किसके प्रभाव से बने? छवि रंजन का दलाल प्रेम प्रकाश और जमशेदपुर के तिवारी-उत्तराधिकार कनेक्शन क्या है? बजरा मौजा अब और तब की कहानी और कारस्तानी के पेंच उजागर करें।

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**



हेमंत सोरेन पर झारखंड की जनता ने विश्वास जताया, परंतु मुख्यमंत्री जी ने दलालों और लुटेरों की एक विशाल सेना तैयार की। इन्होंने जनहित से हट कर काले धन से प्रेम किया और भ्रष्टाचार की पूजा की नतीजन आज पूरे देश ही नहीं दुनिया में झारखंड की छवि खराब हुई।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# मजहबी अस्मिता अंततः अलगाववाद है

MY STORY



✍ हृदयनारायण दीक्षित

अनुसूचित जाति के स्थान आरक्षण सिद्धांत के साथ क्या आप यह भी नहीं स्वीकार करते कि आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नहीं है।' इसका अर्थ यह हुआ कि स्थाई आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होता है। आरक्षण एक विशेष अस्थाई उपाय है। जगत नारायण लाल ने कहा, 'भारत एक सेकुलर राज्य होगा। इसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जातियों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने के कारण आरक्षण दिया गया है।' संविधान सभा के ज्यादातर सदस्यों ने अनुसूचित जाति के अस्थाई आरक्षण को सही बताया। संविधान सभा में काफी नोक-झोंक हुई। ब्रिटिश सत्ता ने मुसलमानों को विशेषाधिकार दिए थे। मुस्लिम लीग ने अलग कौम का नारा दिया। इसी आधार पर द्विराष्ट्रवाद का सिद्धांत चला। देश बंट गया। बावजूद इसके संविधान सभा में मजहब रिलीजन आधारित आरक्षण की मांग उठी। संविधान निमार्ता द्विराष्ट्रवाद के राष्ट्र तोड़क सिद्धांत के भुक्तभोगी थे।

कर्नाटक सरकार ने पंथ मजहब आधारित आरक्षण निरस्त कर दिया है। विषय न्यायायिक विचार में हैं। भारत की संविधान सभा ने अल्पसंख्यक अधिकारों मूल अधिकारों सम्बंधी समिति का गठन किया था। इसके सभापति सरदार पटेल बनाए गए थे। पटेल समिति ने आरक्षण सम्बंधी विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया। संविधान सभा में सरदार पटेल ने 25 मई, 1949 को समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पटेल समिति के प्रतिवेदन पर (25 और 26 मई 1949) गंभीर बहस हुई। संविधान सभा के सदस्य नजीरुद्दीन अहमद ने कहा, 'मैं समझता हूं कि किसी प्रकार के रक्षण स्वस्थ राजनीतिक विकास के प्रतिकूल हैं। उनसे एक प्रकार की हीन भावना प्रकट होती है। श्रीमान जी रक्षण ऐसा रक्षा उपाय है जिससे वह वस्तु जिसकी रक्षा की जाती है, वह नष्ट हो जाती है। जहां तक अनुसूचित जातियों का सम्बंध है, हमें कोई शिकायत नहीं है।' लेकिन जेडएच लारी ने मजहब आधारित मुस्लिम आरक्षण की पैरवी करते हुए कहा, 'आपको अनुसूचित जाति के हितों की चिंता है। मुसलमानों के हितों की परवाह नहीं है। अनुसूचित जाति के स्थान आरक्षण सिद्धांत के साथ क्या आप यह भी नहीं स्वीकार करते कि आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नहीं है।' इसका अर्थ यह हुआ कि स्थाई आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होता है। आरक्षण एक विशेष अस्थाई उपाय है। जगत नारायण लाल ने कहा, 'भारत एक सेकुलर राज्य होगा। इसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जातियों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने के कारण आरक्षण दिया गया है।' संविधान सभा के ज्यादातर सदस्यों ने अनुसूचित जाति के अस्थाई




आरक्षण को सही बताया। संविधान सभा में काफी नोक-झोंक हुई। ब्रिटिश सत्ता ने मुसलमानों को विशेषाधिकार दिए थे। मुस्लिम लीग ने अलग कौम का नारा दिया। इसी आधार पर द्विराष्ट्रवाद का सिद्धांत चला। देश बंट गया। बावजूद इसके संविधान सभा में मजहब रिलीजन आधारित आरक्षण की मांग उठी। संविधान निमार्ता द्विराष्ट्रवाद के राष्ट्र तोड़क सिद्धांत के भुक्तभोगी थे। आरक्षण पर अगस्त 1947 व मई 1949 को दो बार बहस हुई। पीसी देशमुख ने अगस्त 1947 की बहस में कहा, 'इतिहास में अल्पसंख्यक से अधिक क्रूरतापूर्ण और कोई शब्द नहीं है। अल्पसंख्यक रूपी शैतान के कारण ही देश बंट गया।' एस नागप्पा ने कहा कि, 'अल्पसंख्यक बहुत समय से हमारी स्वतंत्रता का मार्ग रोके हुए थे।' आरके सिंधवा ने कहा, 'अल्पसंख्यक शब्द का उपयोग इतिहास से मिट जाना चाहिए।' एक मुस्लिम सदस्य बी ओकर ने मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन की मांग की और कहा, 'मुसलमान शक्तिशाली और संगठित हैं। यदि उन्हें महसूस हुआ कि उनकी आवाज नहीं सुनी गई, तो वे उद्दंड हो सकते हैं।' विधिवेत्ता एमए आयंगर ने कहा, 'मेरा ख्याल था कि पाकिस्तान प्राप्त कर लेने के बाद मेरे मुस्लिम मित्र अपना व्यवहार बदल लेंगे।' आयंगर ने तुर्की के अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए बनाए गए संधि पत्र (1923) का हवाला दिया, 'गैर मुसलमान तुर्की नागरिक भी मुसलमानों के समान ही नागरिक व राजनीतिक अधिकारों का उपभोग करेंगे। तुर्की के बहुसंख्यकों, अल्पसंख्यकों के अधिकार एक समान थे। लेकिन भारत में अल्पसंख्यक विशेषाधिकार मांग रहे थे।' आयंगर ने कहा, 'मैं अल्पसंख्यक शब्द ही नहीं पसंद करता।' 25 व 26 मई 1949 को हुई बहस में सभा ने मजहबी आरक्षण को गलत बताया। मोहम्मद इस्माइल ने मजहबी मुस्लिम आरक्षण पर पुनर्विचार की मांग की। संविधान सभा के उपाध्यक्ष एचसी मुखर्जी ने कहा, 'यदि हम एक राष्ट्र चाहते हैं तो हम मजहब के आधार पर अल्पसंख्यक को मान्यता नहीं दे सकते।' तजम्मुल हुसैन ने कहा, 'हम अल्पसंख्यक नहीं हैं। यह शब्द अंग्रेजों ने निकाला था। वे चले गए। अब इस शब्द को डिक्शनरी से हटा देना चाहिए।' संविधान सभा में मौलाना हजरत मोहानी, तजम्मुल हुसैन और बेगम एजाज रसूल ने असाम्प्रदायिक राष्ट्र का पक्ष लिया। लेकिन कुछ मुस्लिम सदस्यों ने अल्पसंख्यक अस्मिता के बहाने मुसलमानों के लिए विशेष रक्षा कवच की मांग की। सबका उत्तर सरदार पटेल ने दिया, 'आपके अनुसार आपका समाज सुसंगठित है और अल्पमत मजबूत है। तो आप विशेष सुविधाएं क्यों मांगते हैं। जो अल्पमत देश का विभाजन करा सकता है। वह हरगिज अल्पमत नहीं हो सकता। आप स्वयं को अल्पसंख्यक क्यों मानते हैं। आप अतीत भूलिए। अगर आपको ऐसा असंभव लगता है तो आप अपने ख्याल के मुताबिक सर्वोत्तम स्थान पर चले जाइए।' पं. नेहरू ने कहा, 'सभी वर्ग अपनी अपनी विचार प्रणाली बना कर गुट बना सकते हैं। लेकिन मजहब आधारित अल्पसंख्यक बहुसंख्यक वर्गीकरण नहीं किया जा सकता। मैं यहां तक कहता हूं कि जो रक्षण रह गए हों वह भी समाप्त किये जाएं। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में अनुसूचित जाति के आरक्षण को हटाना सही नहीं रहेगा।' संविधान निमार्ता साम्प्रदायिकता के विरुद्ध थे। अल्पसंख्यकवाद के विरुद्ध थे। वे भारतीय समाज के प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र का अंगभूत बनाने मानने में विश्वास रखते थे। राष्ट्र से भिन्न कोई भी सामाजिक राजनैतिक अस्मिता साम्प्रदायिकता है। छद्म सेकुलर राजनीति ने मुसलमानों को थोक वोट बैंक बनाने का काम किया है। राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य और ऐतिहासिक तथ्य भी भुला दिए गए। विशेष उदाहरण गांधी जी का है। गांधी जी खिलाफत आंदोलन के नेता थे। लेकिन कुछ मौलवी गांधी को नेता मानने के खिलाफ थे। पहले स्वतंत्रता दिवस के दिन भारत में उत्सव थे। लेकिन देश विभाजन को लेकर लोग आहत भी थे। दारुल उलूम देवबंद के तत्कालीन कुलपति ने अपने भाषण में कहा, 'हम पाकिस्तान को एक इस्लामी राज्य होने और भारत को मूल देश होने के नाते बधाई देते हैं। चिंता यह है कि जो मुसलमान अब भारत में रह गए हैं, उनके सामाजिक जीवन का क्या होगा। शरीयते पाक के मुताबिक एक ही रास्ता है कि वे अपना शरीय संगठन कायम करें। हिंदुस्तान की मुस्लिम जमायातें और फिरकें एक हों।' उनके दृष्टिकोण में अलगाववाद है। वे सेकुलर राज्य नहीं मानते। अल्पसंख्यकवाद के सहारे अलगाववाद बढ़ाना चाहते हैं। मजहब आधारित कोई भी विशेष रक्षा उपाय या सुविधाएं अलगाववाद है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# अजीत... यानी सारा शहर मुझे लॉयन के...

हिंदी सिनेमा में नायकों के साथ खलनायकों का भी वर्चस्व हमेशा रहा है। कई बार इनकी छवि और इनका मेहनताना नायकों के समकक्ष या उससे भी ज्यादा रहा है। के.एन. सिंह, प्राण, अजीत, प्रेम चोपड़ा, रंजीत, अमजद खान, अमरीश पुरी और गुलशन ग्रोवर तक एक लंबी लिस्ट है। सभी खलनायकों की अपनी-अपनी विशेषताएं थी और अपनी अलग पहचान भी। खलनायक अजीत ने अपने ठहरे हुए बुलंद संवादों, राजसी ठाठबाट, शानदार वेशभूषा और सिगार के सहारे अपनी अलग पहचान बनाई। फिल्म सूरज से शुरू हुआ उनका यह दूसरा सफर फिल्म जुगनू, यादों की बरात, जंजीर, चरस से होते हुए कालीचरण में एक संपूर्णता और सर्वोच्चता प्राप्त करता है। उनकी अपने संवादों से बनी विशेष पहचान आज तक ₹अजीत जोक्स₹ के नाम से ज़िंदा है। हैदराबाद के रहने वाले अजीत का मूल नाम हामिद अली खान था। फिल्मों में नायक बनने आए अजीत 20 साल तक फिल्मों में नायक, सहनायक और अन्य भूमिकाएं करते रहे। काम कम होने पर उन्होंने राजेंद्र कुमार के कहने पर फिल्म सूरज में खलनायक का रोल किया और इस तरह प्राण की तरह ही उनकी दूसरी बेहतर और लंबी पारी की धमाकेदार शुरूआत हुई। उनका पूरा जीवन बहुत सीधा और कठोर अनुशासन के चलते काबिले तारीफ था। अंत में वे स्वयं अपने वतन हैदराबाद चले गए थे और अंत समय तक वहीं रहे। उनके बारे में कई अनकही और रोचक जानकारियां हाल ही में उन पर आई एक पुस्तक ₹अजीत का सफर सारा शहर मुझे...₹ से प्राप्त होती हैं जिसे वरिष्ठ पत्रकार इकबाल रिजव ने लिखा है और इसे वाणी प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। अजीत का जन्म 27 जनवरी 1922 को हुआ था। उनके पूर्वज अफगानिस्तान के कंधार से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आकर बस गए थे। अजीत के दादाजी यहीं से हैदराबाद निजाम की सेवा में गए इसलिए उनका जन्म और शिक्षा दीक्षा हैदराबाद में ही हुई। पढ़ाई लिखाई में तो वे औसत थे किंतु फुटबॉल वह बहुत अच्छा खेलते थे। पढ़ाई के दौरान ही स्कूल के नाटकों में भाग लेने लगे थे। सिनेमा में भी उनकी दिलचस्पी अपने मामू के कारण बनी क्योंकि कई सिनेमाघरों में उनकी कैंटीन थी। इस कारण वे बहुत सी फिल्में मुफ़्त में देख पाते थे। अपने एक टीचर की सलाह पर उन्होंने अपने करियर के लिए सेना या सिनेमा में से सिनेमा को चुना और बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंच गए। चार साल तक बंबई में उन्होंने खूब स्ट्रगल किया। एक्स्ट्रा से लेकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने तक और वॉइसओवर यानी कमेंट्री तक। इसी बीच उन्हें प्रख्यात अभिनेता मजहर खान ने अपनी फिल्म बड़ी बात (1944) में टीचर का एक छोटा सा रोल दिया। शाहे मिस्त्र (1946) में गीता बोस के साथ नायक का रोल मिला जिसके निर्देशक थे गोविंद राम सेठी। उसके बाद उनकी जन्मपत्री, हातिमताई, जीवन साथी और आपबीती जैसी फि ल्में आई और सफर चल पड़ा। चार साल तक वह फिल्मों में हामिद अली खान थे, लेकिन फिल्म बेकसूर के डायरेक्टर के. अमरनाथ ने उन्हें एक छोटा नाम अजीत रखने की सलाह दी जिसे उन्होंने मान लिया गया और इस तरह हामिद अली खान, अजीत हो गए। अपने समय में उन्होंने नर्गिस और नूतन को छोड़कर सभी प्रमुख अभिनेत्रियों के साथ रोल किए। अपने कैरियर के इस पहले पड़ाव में उन्होंने नायक के तौर पर अस्सी फिल्में की। नायक के रूप में उनकी अंतिम फिल्म थी- पैनिक इन बगदाद (1966)। अब तक उन्हें फिल्मों में हीरो के रोल मिलना कम हो गए थे। राजेंद्र कुमार की सलाह पर उन्होंने सूरज फिल्म में खलनायक बनने के लिए हामी भर दी और फिर तो चमत्कार हो गया... अपनी दूसरी पारी में उन्होंने खलनायक के रूप में बेहद लोकप्रियता हासिल की। जंजीर का सेठ धर्मदयाल तेजा, यादों की बारात का शाकाल और कालीचरण का लॉयन। ₹सारा शहर मुझे लॉयन के नाम से जानता है₹ यह संवाद तो लोगों की जुबान पर ऐसा चढ़ा कि आज तक नहीं उतरा। उनकी ₹मोना डार्लिंग₹ को भी कौन भूल सकता है। कहानी किस्मत की, जीवन मृत्यु और वारंट फिल्मों के नेगेटिव रोल ने उन्हें लार्जर देन लाइफ बना दिया। अजीत को शायरी का शौक था। जंगल में जाकर शिकार भी करते थे। उनकी पहली शादी एक फ्रांसीसी कन्या ग्वेन डी मोंट से हुई थी जो पांच साल तक चली। अजीत की अंतिम दो फिल्में थीं- महेश भट्ट की क्रिमिनल और देवानंद की गैंगस्टर जो 1995 में प्रदर्शित हुई। 21 अक्टूबर 1998 को वे हमारे बीच नहीं रहे। किताबें बेचकर और मां से कुछ पैसे लेकर 26 जून 1943 को मुंबई (तब बंबई) पहुंचे हामिद अली खान ने विक्टोरिया टर्मिनल के पास ही क्राफर्ड मार्केट में स्थित हैदराबाद गेस्ट हाउस में पांच रुपए महीने पर कमरा लिया, लेकिन यहां एक मुश्किल थी। उनके कमरे के पास ही कुछ गुंडे रात को जुआ खेला करते थे और इस दौरान होने वाली बहस, लड़ाई के चक्कर में उनकी नींद टूट जाती थी। एक रात अचानक शोर सुनकर अजीत की नींद खुली तो पता चला कि पुलिस ने जुआरियों को पकड़ने के लिए छापा मारा है और इस अफरातफरी में जान बचाने के लिए कुछ जुआरी उनके कमरे में भी घुस आए। उनके साथ पुलिस उन्हें भी पकड़ कर प्रिंसेस स्ट्रीट के थाने में ले गई और लॉकअप में बंद कर दिया गया। उस दिन शनिवार था और अगले दिन रविवार, इसलिए सोमवार तक तो उन्हें जेल में रहना ही होगा, यह सोचकर हामिद की आंखों में आंसू आ गए। ड्यूटी इंस्पेक्टर ने रोने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि वह बड़े घर के आदमी हैं और यहां फिल्मों में काम के लिए आए हैं। इंस्पेक्टर को हामिद की बातों में सच्चाई नजर आई और उन्होंने उनको अपराधियों की शिनाख्त करवाकर छोड़ दिया।

# जनगण के कवि हैं रबींद्र नाथ टैगोर

महाकवि रबींद्र नाथ टैगोर की जयंती 07 मई को मनाई जाएगी। उन्हें जनगण का कवि कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुरुदेव टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनके लिखे दो गीत दो देशों के राष्ट्रगान हैं। उनका लिखा गीत जन गण मन भारत का राष्ट्रीय गान है। उनका लिखा दूसरा गीत आमार सोनार बांग्ला बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान है। दुनिया में गुरुदेव जैसे विरले ही लोग होते हैं जिन्हें इतना बड़ा सम्मान मिला है। जिनके लिखे गीत दो देशों के राष्ट्रगान बनकर अमर हो गए। भारत और बांग्लादेश में जब भी कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम होता है तो गुरुदेव टैगोर के लिखित गीत राष्ट्रीय धुन के रूप में गाए जाते हैं। गुरुदेव के लिखे इन गीतों के माध्यम से उन्हें हर समारोह में याद किया जाता है। रबींद्रनाथ टैगोर ने अपनी रचनाओं से न केवल हिंदी साहित्य के विकास में योगदान दिया। बल्कि अनेकों कवियों और साहित्यकार को भी प्रोत्साहित किया है। वह एक ऐसे प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने पूरे संसार को अपनी रचनाओं के माध्यम से आलोकित किया। गुरुदेव रबींद्र नाथ टैगोर कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले युगदृष्टा हैं। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं। टैगोर की रचनाओं में मानवीय दुख की सघन अनुभूति होती है। वे अपने माता-पिता की तेरहवीं संतान थे। उनका जन्म 07 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। रबींद्रनाथ टैगोर ने अपनी शुरूआत की पढ़ाई कोलकाता में प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल की। वह बैरिस्टर बनना चाहते थे। इसके लिए 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया। फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया। किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश पुनः लौट आए। सन 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर की माता का निधन उनके बचपन में हो गया था और उनके पिता व्यापक रूप से यात्रा करने वाले व्यक्ति थे। अतः उनका लालन-पालन अधिकांशतः नौकरों द्वारा ही किया गया। टैगोर के भाई सतेंद्र टैगोर सिविल परीक्षा पास करके एक अच्छी नौकरी करते थे और दूसरे भाई ज्योतिरेंद्रनाथ संगीतकार और नाटक के कवि थे। हिंदी साहित्य में टैगोर का योगदान अविस्मरणीय है। मात्र 13 साल की उम्र में उनकी पहली कविता अभिलाषा एक तत्व भूमि नाम की पत्रिका में छपी थी। इंग्लैंड से वापस आने के बाद उन्होंने बंगाली भाषा में लिखना शुरू कर दिया था। 1877 तक उन्होंने अनेकों रचनाएं की और कई रचनाएं अनेकों पत्रिकाओं में छपी। 1842 में रविंद्र नाथ टैगोर ने हिंदू मुस्लिम - एकता और घरेलू उद्योगों के विषय पर एक गंभीर लेख लिखा। 1860 में पहला उपन्यास गोरा लिखा। वह अच्छे लेखक के साथ-साथ एक अच्छे दर्शन शास्त्री भी थे। उन्होंने कई रचनाओं का निर्माण किया और स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय लोगों को प्रभावित किया। बांग्लादेश का राष्ट्रगान ह्यआमार सोनार बांग्लाह्ल भी लिखा है। अपने असरदार लेखन से पूरब और पश्चिम के बीच की भी दूरी को कम कर दिया। कई रचनाओं में समाज की तत्कालीन कुरीतियों, गरीबी और विभिन्न अवस्थाओं का भी चित्रण किया है। इनकी किताब गलपगुच्छा भारत के गरीबी, निरक्षरता और पिछड़ापन पर आधारित अनेकों कहानियों का संग्रह है। उनकी एक रचना पूरवी में संस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, नैतिक और सामाजिक गीत हैं। उन्होंने न केवल अपनी लेखन के जरिए समाज की कुरीतियों को मिटाने की कोशिश की बल्कि स्वयं भी योगदान दिया।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



प्रतिवर्ष छह मई को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य खाद्य सामग्री की बबार्दी को रोकना है। साथ ही पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जहांतक खाद्य सामग्री की उपलब्धता की बात है तो इस मामले में अपना देश आत्मनिर्भर हो चुका है। यह सुखद पहलू है। दूसरी ओर पौष्टिक खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जहांतक बात है तो इसमें अभी बहुत कुछ करने की जरूरत महसूस की जा रही है। आम जनता के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा मिलावटी खाद्य सामग्री है। देश के खाद्य अपमिश्रण संबंधी सख्त कानून लागू हैं। इसके बावजूद मिलावटखोर अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। त्योहारों के सीजन में हर साल मिलावटी खाद्य सामग्री की जांच के लिए अभियान चलाया जाता है। मामला केवल अभियान चलाने तक सीमित रहता है। मिलावटी खाद्य पदार्थ होने की शंका में नमूने तो एकत्र किए जाते हैं लेकिन उनमें कितने नमूनों में मिलावट पायी गई, जिन नमूनों में मिलावट मिली उनके मामले में क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी शायद ही कभी सामने आती है। ऐसा होने अपने आप में संदेह पैदा करता है। वहीं अनाजों में भी कई बार मिलावट की शिकायतें सामने आती हैं। लेकिन कार्रवाई की बात आमतौर पर सामने नहीं आती। इस मामले में सरकारी तंत्र को और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है ताकि कोई भी मिलावटखोर खाद्य सामग्री में मिलावट करने से पहले सौ बार सोचे। दूसरी ओर लोगों को भी इस मामले में जागरूक होने की जरूरत है। फास्ट फूड का बढ़ता चलन किसी भी तरह से स्वास्थ्य के लिए हितकर नहीं है। लोगों को यह सुविधा मिलनी चाहिए कि जब उन्हें संदेह हो तो तुरत शिकायत की जाए और उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई भी हो। ऐसा होने पर ही उम्मीद की जा सकती है कि पौष्टिक खाद्य पदार्थ ही लोगों को उपलब्ध हो सकेंगे।

**ऐनुल हक अंसारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज आमने-सामने होंगे पंड्या बंधु

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में रविवार को गुजरात टाइटंस का मुकाबला लखनऊ सुपरजाइंट्स से होगा। इस मैच में सभी को दो भाइयों की टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। हार्दिक पंड्या जहां गुजरात की कप्तानी कर रहे हैं। वहीं लोकेश राहुल के बाहर होने के कारण क्रुणाल पंड्या को लखनऊ सुपरजायंटस की कप्तानी मिली है। अब देखना होगा दोनो में से किसकी टीम जीतती है। गुजरात जहां प्लेऑफ की दौड़ में सबसे आगे हैं, वहीं लखनऊ भी अपनी संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को किसी भी हाल में जीतना चाहेगी। हार्दिक ने जहां कई अवसरों पर भारतीय टीम की कप्तानी की है। वहीं क्रुणाल को भी घरेलू क्रिकेट में बड़ौदा टीम की कप्तानी का अनुभव है। यह पहली बार होगा जबकि आईपीएल में दो भाईयों की टीमें में मुकाबला है।

हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और उनकी टीम 14 अंक लेकर अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। वहीं क्रुणाल ने इससे पहले सीएसके के खिलाफ मैच में भी लखनऊ की कप्तानी की थी पर बारिश के कारण वह मुकाबला पूरा नहीं हो पाया था। अब देखना है कि वह अपनी टीम को प्रेरित करने में कितने सफल होते हैं। इस मैच में टीम को तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के बिना ही उतरना होगा। उनादकट भी चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हो गये हैं।

लखनऊ की टीम अभी 11 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

पिछले दोनों मैचों में लखनऊ की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही है जिसे अब उसके बल्लेबाजों को सुधारना होगा। टीम का प्रदर्शन भी अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। उसके खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी देखी गयी है। टीम ने इस मैच में राहुल की जगह पर अनुभवी करुण नायर को अपनी टीम में शामिल किया है। करुण टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

तेज गेंदबाज मार्क वुड के नहीं होने का उसे नुकसान होगा। ऐसे में गेंदबाजी की जिम्मेदारी तेज गेंदबाज नवीन उल हक के अलावा स्पिनर रवि बिश्नोई और अमित मिश्रा पर रहेगी। वहीं दूसरी ओर गुजरात की टीम ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।

टीम के पास तेज गेंदबाज के तौर पर अनुभवी मोहम्मद शमी और स्टार स्पिनर राशिद खान हैं। टीम की बल्लेबाजी हार्दिक के अलावा शुभमन गिल और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों पर टिकी है। कुल मिलाकर देखा जाये तो गुजरात टीम की दावेदारी ज्यादा मजबूत नजर आती है।




## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**लखनऊ सुपरजाइंट्स :** क्रुणाल पंड्या (कप्तान), आवेश खान, आयुष बडोनी, क्विंटन डी कॉक, कृष्णप्पा गौतम, अर्पित गुलेरिया, दीपक हुड्डा, प्रेरक मांकड़, करुण नायर, काइल मेयर्स, अमित मिश्रा, मोहसिन खान, नवीन-उल-हक, निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, डेनियल सैम्स, करण शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, मार्कस स्टोइनिस, स्वप्निल सिंह, जयदेव उनादकट, मनन वोहरा, मार्क वुड, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह।

**गुजरात टाइटन्स:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

# एशियाई चैंपियनशिप में छाई भारत की बिंदयारानी देवी, 194 किलो उठाकर रजत पदक पर किया कब्जा



**जिंजू (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक बिंदयारानी देवी ने शनिवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता बिंदयारानी ने कुल 194 किग्रा (83 किग्रा + 111 किग्रा) उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उनका 55 किग्रा भार वर्ग हालांकि ओलंपिक में शामिल नहीं है। बिंदयारानी ने स्नैच में पहले दो प्रयासों में 80 किग्रा और 83 किग्रा भार उठाया।

इसके बाद उन्होंने 85 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया लेकिन उसमें वह असफल रही। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्लीन एवं जर्क में इसकी भरपाई की तथा दूसरा सर्वाधिक भार उठाकर रजत पदक हासिल किया। इस दौरान उन्होंने पहले प्रयास में 109 और दूसरे प्रयास में 111 किलोग्राम वजन उठाया। हालांकि उनके तीसरे प्रयास को मान्य नहीं माना गया। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चयन ट्रायल से पहले चोटिल हो जाने के कारण वापस 55 किग्रा भार वर्ग में भाग लेने का फैसला किया।

उन्होंने इससे पहले 59 किग्रा में भाग लेना शुरू कर दिया था जो कि पेरिस ओलंपिक का हिस्सा है। बिंदयारानी ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 59 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया था जिसमें वह 25वें स्थान पर रही थी। बता दें कि इस चैंपियनशिप में चीन की चेन गुआन लिंग ने कुल 204 किलोग्राम वजन उठाकर संयुक्त भार के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। उन्होंने स्नैच में 90 किलो, क्लीन एंड जर्क में कुल 114 किलोग्राम वजन उठाया है। वहीं वियतनाम की क्विन न्हू ने कुल 192 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक अपनी झोली में डाला है।

## मीराबाई चानू का ऐसा रहा प्रदर्शन

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू का कूल्हे में समस्या के कारण एशियाई चैंपियनशिप में अभियान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और शुक्रवार को यहां स्नैच में जूझने तथा क्लीन एवं जर्क में अंतिम दो प्रयास नहीं करने के कारण वह छठे स्थान पर रहीं। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करते हुए स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 109 किग्रा के साथ कुल 194 किग्रा वजन ही उठा सकीं जो 207 किग्रा के उनके निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 13 किग्रा कम है। स्नैच में मीराबाई का निजी स्वर्श्रेष्ठ प्रदर्शन 88 किग्रा जबकि क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा है। वह क्लीन एवं जर्क में एक प्रयास के बाद ही मुकाबले से हट गईं।

# गुजरात प्लेऑफ की ओर बढ़ी, राजस्थान की हार से आरसीबी, मुम्बई और पंजाब को लाभ

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स को हराकर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाने वाली गुजरात टाइटंस की जीत से तीन अन्य टीमों को भी लाभ हुआ है। ऐसे में राजस्थान की हार से ये सभी टीमें खुश हैं। राजस्थान रॉयल्स के 5 जीत और इतनी ही हार के साथ 10 अंक हैं। राजस्थान का नेट रन रेट 0.448 है। राजस्थान की हार से तीन टीमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स उत्साहित होंगी क्योंकि इन सभी टीमों के एक बराबर 10 अंक हैं।

इस मैच में गुजरात ने 119 रन के लक्ष्य को 37 गेंद रहते ही 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ आईपीएल अंक तालिका में गुजरात के 10 मैच में 14 अंक हो गए हैं। इस मैच में जीत के साथ ही गुजरात ने इस सत्र का सातवां मुकाबला जीता। इस मैच में गुजरात का रन रेट भी बेहतर हाकर 0.752 पहुंच गया।

आईपीएल में सभी 10 टीमें 14 मुकाबले खेलेंगी। ऐसे में गुजरात के 4 मुकाबले और बचे हैं और इसमें अगर गुजरात 2 मैच भी जीतती है तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी. वहीं दूसरे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है। लखनऊ ने 10 में से 5 मैच जीते, 4 मैच वह हारी है जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण नहीं हो पाया। उसके खाते में कुल 11 अंक हैं। लखनऊ का प्लेऑफ का दावा काफी दमदार है क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स के भी 11 अंक हैं पर उसका नेट रन रेट 0.329 है जो सुपर जायंट्स 0.639 से काफी कम है, इसलिए अंक तालिका टेबल में लखनऊ दूसरे स्थान पर आ गयी है।

# सनराइजर्स को हराकर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बेहतर बनाने उतरेगी रॉयल्स

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम रविवार को यहां होने वाले मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद को हराने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स का लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाओं को मजबूत करना भी रहेगा। पिछले दो मैचों में उसे करारी हार का सामना भी करना पड़ा था जिससे अब वह उबरना चाहेगी। उसके पास सकारात्मक पक्ष ये है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेल रही है। रॉयल्स की टीम को अगर ये मैच जीतना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विशेष रुप से रॉयल्स के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इससे पहले के मैच में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन

गुजरात टाइटंस के खिलाफ अच्छा नहीं रहा था और पूरी टीम 118 रन ही बना पायी थी।

मुंबई इंडियंस और गुजरात के हाथों हार के बाद भी रॉयल्स की टीम अभी भी अंकतालिक में शीर्ष चार में शामिल है। उसने अभी तक दस में से पांच मैच जीते हैं जबकि पांच मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसे प्लेऑफ में पहुंचने बचे हुए मैचों में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के रूप में शानदार सलामी जोड़ी है पर इन दोनो के विफल रहने पर टीम लड़खड़ा जाती है। मध्यक्रम में उसके पास देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे खिलाड़ी हैं पर ये आजकल फार्म में नहीं है। जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। जो टीम के लिए चिंता का विषय है।

टीम की गेंदबाज भी लय में नहीं हैं। ट्रेंट बोल्ट और एडम जंपा बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे। जीत के लिए बोल्ट और संदीप शर्मा को अच्छी शुरुआत करनी होगी। वहीं स्पिनर आर अश्विन और युजवेंद्र चहल को भी प्रभावी भूमिका निभानी होगी।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स ने अभी तक केवल तीन मैच जीते हैं और वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। उसको पिछले मैच में नाइट राइडर्स से पांच रन से हार का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाये रखना है तो उसे हर हाल में ये मैच जीतना होगा।

सनराइजर्स को अभी तक बल्लेबाजों में खराब प्रदर्शन का नुकसान उठाना पड़ा है। बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और मयंक अग्रवाल अच्छी शुरुआत देने में विफल रहे हैं। ऐसे में मध्यक्रम में जिससे राहुल त्रिपाठी, कप्तान एडेन मार्कराम और हेनरिक क्लासेन पर दबाव बढ़ा है। हेरी ब्रूक से भी टीम को होगा। अब तक उसके गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान एवं विकेटकीपर), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, आर अश्विन, जेसन होल्डर, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल, नवदीप सैनी, एम अश्विन, के एम आसिफ, के सी करियप्पा, डोनोवन फरेरा, देवदत्त पडिक्कल, ओबेड मैककॉय, जो रूट, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम ज़म्पा, अब्दुल बसिथ।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को जानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह।

# आजम एकदिवसीय में सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

कराची । पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का बल्ला आजकल जमकर चल रहा है। बाबर ने ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां चौथे एकदिवसीय में शतक लगाया। बाबर ने 117 गेंद में 107 रन रन बनाये।इसी के साथ ही पाक कप्तान ने एकदिवसीय में अपना 18वां शतक लगाया। इस मैच में शतकीय पारी के दौरान ही पाक कप्तान ने एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है।उन्होंने इस मैच में 19वां रन बनाते ही एकदिवसीय में अपने 5000 रन पूरे कर लिए। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज 5 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने हैं। बाबर ने 97 पारियां में ये रन बनाये। इससे पहले ये रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हाशिम अमला के नाम था। आमला ने 101 पारियों में ये उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के नाम 114 पारियों में 5 हजार एकदिवसीय रन पूरी किये थे। इस प्रकार आजम ने काफी कम पारियों में ये आंकड़ा हासिल किया है। एकदिवसीय में सबसे तेज 5 हजार रन पूरे करने वाले टॉप-5 खिलाड़ियों में विवियन रिचर्ड्स और डेविड वॉर्नर भी शामिल हैं। रिचर्ड्स ने विराट के बराबर 114 और वॉर्नर ने 115 पारियों में इतने रन बनाए हैं। इससे पहले, बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2019 में नाबाद 101 रन बनाए थे। इस सीरीज में बाबर ने तीसरी बार 50 से अधिक रन बनाये।

# पॉइंट टेबल में चेन्नई ने अपनी स्थिति को किया मजबूत, रोमांचक मुकाबले में मुंबई को 6 विकेट से हराया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार वापसी करते हुए मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम में 8 विकेट पर 139 रन बनाए थे। जीत के लिए चेन्नई के 140 रनों की आवश्यकता थी जिसे चेन्नई ने 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। धीमी पिच पर मुंबई के बल्लेबाज संघर्ष करते हैं तो वही चेन्नई के बल्लेबाजों ने भी सावधानी पूर्वक बल्लेबाजी की। चेन्नई की एक ठोस शुरुआत हुई थी और 46 के स्कोर पर पहला विकेट गिरा था जब ऋतुराज गायकवाड 16 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए। अजिंक्य रहाणे ने 21 रन बनाए जबकि अंबाती रायडू ने 12 रनों की पारी खेली। शानदार फॉर्म में चल रहे डेवोन कॉनवे 44 रन की पारी खेलते हुए टीम के जीत में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तो ही शिवम दुबे ने भी 25 रनों की पारी खेली। इस जीत के साथ ही चेन्नई के अब 13 अंक हो गए हैं और वह पॉइंट टेबल में गुजरात के बाद दूसरे नंबर पर है। कॉनवे के आउट होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी मैदान में उतरे थे। पूरा स्टेडियम धोनी-धोनी के नारों से गूंज उठा। मुंबई की ओर से पीयूष चावला ने 4 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट चटकाए। वहीं, आकाश मधवाल ने भी एक सफलता हासिल की।



इससे पहले नेहाल वढेरा (51 गेंद में 64 रन) की इंडियन प्रीमियर लीग में पहली अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने खराब शुरूआत से उबरते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ शनिवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 139 रन बनाये थे। वढेरा ने सूर्यकुमार यादव (22 गेंद में 26 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 और ट्रिस्टन स्टब्स (21 गेंद में 20 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। चेन्नई के लिए मथीश पथिराना ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीपक चाहर और तुषार देशपांडे को दो-दो सफलता मिली। रविंद्र जडेजा ने एक विकेट चटकाया। मुंबई इंडियंस के लिए इशान किशन (नौ गेंद में सात रन) के साथ कप्तान रोहित शर्मा (शून्य) की जगह कैमरुन ग्रीन (चार गेंद में छह रन) ने पारी का आगाज किया लेकिन टीम का यह फैसला कारगर नहीं रहा और एक रन के अंदर तीनों बल्लेबाज आउट हो गये। देशपांडे ने दूसरे ओवर में ग्रीन को बोल्ड किया तो वही अगले ओवर में चाहर ने इशान और रोहित को पवेलियन की राह दिखायी। रोहित इस लीग में रिकॉर्ड 16वीं बार खाता खोले बगैर आउट हुए। टीम के 14 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद नेहाल वढेरा और सूर्यकुमार यादव ने संभलकर बल्लेबाजी की। इस दौरान वढेरा ने चाहर और सूर्यकुमार ने देशपांडे के खिलाफ चौका जड़ा।

# ऑरेंज कैप की दौड़ में शुभमन ने विराट को पीछे छोड़ा

## -शमी पर्पल कैप की सुची में शीर्ष पर पहुंचे

जयपुर । गुजरात टाइटंस टीम ने जहां आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को 9 विकेट से हराकर तेजी से प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाये हैं। वहीं टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी इस मैच में अपनी 36 रन की पारी के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। विराट चौथे से पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। इस मैच में गुजरात के लेग स्पिनर राशिद खान ने तीन विकेट लेकर अपनी ही टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की बराबरी की है। शुभमन ने इस आईपीएल में अब तक 10 मैचों में 3 अर्धशतक लगाकर 375 रन बनाए हैं। इस प्रकार वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं विराट पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। इस सूची में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी 9 मैचों में 466 रन बनाकर नंबर एक पर बने हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 मैचों में 442 रन के साथ ही दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे 10 मैचों में 414 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं. वहीं गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और लेग स्पिनर राशिद खान के अब एक बराबर 18-18 विकेट हैं हालांकि बेहतर इकॉनोमी के कारण शमी पर्पल कैप की सूची में पहले नंबर पर आ गये हैं जबकि राशिद दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस सूची में तीसरे नंबर पर सीएसके के गेंदबाज तुषार देशपांडे का नंबर है। तुषार ने 10 मैचों में 17 विकेट लिए हैं जबकि पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम इतने ही मैचों में 16 और मुंबई इंडियंस के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला के 9 मैचों में 15 विकेट हैं।

# इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर कैथरीन ने संन्यास लिया

मैनचेस्टर । इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर कैथरीन साइवर-ब्रंट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। अपनी ही टीम की साथी क्रिकेटर नेट साइवर ब्रंट से शादी कर सुर्खियों में आयी तेज गेंदबाज कैथरीन ने साल 2004 में इंग्लैंड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। कैथरीन ने अपने करीब दो दशक के खेल सफर में कई अहम रिकार्ड बनाये हैं। इस महिला क्रिकेटर ने इंग्लैंड की ओर से 267 मैच खेले हैं। अपने 19 साल लंबे करियर में साइवर-ब्रंट ने 141 एकदिवसीय, 112 टी20 अंतर्राष्ट्रीय और 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने सभी प्रारुपों में कुल 335 विकेट लिए हैं। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 170, टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 114 और टेस्ट क्रिकेट में कुल 51 विकेट लिए हैं। वह तीन बार इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम में शामिल रही हैं। कैथरीन एकदिवसीय क्रिकेट में 170 विकेट लेने के साथ ही इंग्लैंड की सबसे सफल गेंदबाज है। टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वह 114 विकेट के साथ दुनिया की छठी सबसे सफल गेंदबाज हैं जबकि टेस्ट क्रिकेट में 51 विकेट लेकर विश्व की नौवी सबसे सफल गेंदबाज हैं। कैथरीन ने अपनी टीम की ही महिला क्रिकेटर नेट साइवर ब्रंट से साल 2019 में सगाई की थी और इसके बाद उन्होंने 2020 में एक दूसरे से शादी की घोषणा कर दी थी हालांकि कोरोना महामारी के कारण दोनों से साल 2022 में शादी की। अपनी पार्टनर नेट साइवर ब्रंट से उन्होंने मई 2022 में शादी कर सभी का ध्यान खींचा था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अवसर पर कैथरीन काफी भावुक हो गई और इस दौरान उन्होंने कहा, ठीक है, मैं 19 साल बाद, अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्रा के अंत में हूं। मैंने सोचा था कि मैं कभी भी इस फैसले तक नहीं पहुंच पाऊंगी पर मैंने यह फैसला लिया है और यह मेरे जीवन का सबसे कठिन फैसला रहा है। मेरे पास कभी कोई सपना या आकांक्षा नहीं थी। मैंने जो किया है, मैं चाहती थी कि मेरा परिवार हमेशा मुझ पर गर्व करे और जो मैंने हासिल किया है, वह उससे कहीं आगे निकल गया है।



# डायमंड लीग में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने कहा- आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना लक्ष्य, पीएम मोदी ने भी दी बधाई

**दोहा (एजेंसी)।** भारत के लिए टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ने फिर से खास उपलब्धि अपने नाम की है। इस बार भारत के भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना खिताब हासिल किया है। पहले चरण में जीता हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने बयान भी साझा किया है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग की शुरुआत ही शानदार की है।

वहीं डायमंड लीग के खिताब को अपने पास ही रखने के उद्देश्य से नीरज चोपड़ा मैदान में उतरे है। पहले चरण में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने कहा कि वह सत्र की आगामी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन को नए मुकाम पर ले जाना चाहेंगे। पिछले साल डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी हासिल करने वाले चोपड़ा ने शुक्रवार को सत्र के पहले चरण में कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी में 88.67 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल करके अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की।



चोपड़ा ने कहा,'' यह जीत आसानी से नहीं मिली लेकिन मैं बहुत खुश हूं। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। मैं इस सत्र में फिट रहना चाहूंगा और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चाहूंगा। मैं आगामी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मेरी योजना फिट बने रहने और पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की है।'' चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी को पार करना है। विश्व एथलेटिक्स के अनुसार वह अब 27 जून को चेक गणराज्य में ऑस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा पिछले कुछ समय से तुर्किए के अंताल्या में अभ्यास कर रहे थे।

इस भारतीय स्टार ने कहा,'' मुझे उम्मीद है कि आगामी प्रतियोगिताओं में मैं पहले स्थान पर रहकर अपनी निरंतरता बनाए रखूंगा।'' चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में पहले प्रयास में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह उनका कुल मिलाकर चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ओलंपिक चैंपियन को इस दौरान दर्शकों का अपार समर्थन मिला क्योंकि काफी भारतीय दर्शक वहां पहुंचे थे।

चोपड़ा ने कहा,'' बहुत सारे दर्शक मेरा समर्थन करने के लिए आए थे और वे वास्तव में खुश थे। कई बार यह वास्तव में मुश्किल होता है क्योंकि हमारा देश बहुत बड़ा है और लोगों की आप से काफी उम्मीदें जुड़ी होते हैं। अब मेरे देश के और अधिक एथलीट डायमंड लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में मुझसे जुड़ें।'' उन्होंने कहा,'' मैं भाग्यशाली हूं कि लोगों का मुझ पर विश्वास है। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा हूं। दोहा चरण शानदार रहा जो कि प्रत्येक साल का पहला चरण होता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा को अपने सत्र के शुरू में ही डायमंड लीग का खिताब जीतने के लिए बधाई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्वीट किया,'' वर्ष की पहली प्रतियोगिता और पहला स्थान। नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में88.67 मीटर भाला फेंककर चमक बिखेरी। उन्हें बधाई। भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।'' पिछले साल सितंबर में स्विट्जरलैंड में डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी जीतने वाले 25 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन करके दोहा डायमंड लीग का खिताब जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।

## अनुराग ठाकुर ने बताया सच्चा चैंपियन

ओलंपिक के बाद दोहा में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी नीरज चोपड़ा की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि नीरज चोपड़ा जीत गए। 88.67 मीटर की तेज थ्रो के साथ वो दोहा डायमंड लीग में अपना वर्चस्व कायम कर गोल्ड मेडल के साथ लौट रहे है। वो एक सच्चे चैंपियन है जिन्होंने दोबारा देश को गौरवान्वित किया है। नीरज को शानदार जीत के लिए बधाई।



# बड़े पर्दे पर जमेगी कार्तिक-कटरीना की जोड़ी?

सत्यप्रेम की कथा और भूल भुलैया 2 में कियारा आडवाणी के साथ नजर आने जा रहे हैं कार्तिक आर्यन जल्द ही कटरीना कैफ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते दिख सकते हैं। कबीर खान की इस अपकमिंग फिल्म में दर्शकों को यह नई जोड़ी बड़े पर्दे पर देखने को मिल सकती है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग इस साल अक्तूबर से शुरू होने जा रही है। एक सूत्र के मुताबिक कबीर खान की फिल्म में कार्तिक पूर्ण रूप से एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। बता दें कि कार्तिक ने अब तक एक भी एक्शन से भरपूर फिल्म में काम नहीं किया है। फिलहाल कबीर एक्शन-रोमांस के प्लॉट पर ध्यान केंद्रित कर फिल्म की कहानी लिख रहे हैं। चर्चा है कि कैटरीना कैफ कबीर की फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस बारे में सूत्र ने कहा, वे एक ऐसे सह-कलाकार की तलाश में हैं जिसने कार्तिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा नहीं किया है। कृति सेनन और कियारा आडवाणी निश्चित रूप से बाहर हैं। कबीर कैटरीना के बहुत करीबी दोस्त हैं, जिन्हें एक हिट की सख्त जरूरत है। फोन भूत में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ उनकी कोशिश विफल रही। उन्हें दौड़ में वापस आने की जरूरत है। यही वजह है कि वह अपने निर्देशक-मित्रों को फीलर्स भेज रही हैं। बता दें कि हाल ही में कार्तिक आर्यन फिल्म शहजादा में नजर आए थे। रोहित धवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म पूरी तरह से धराशायी हो गई थी।



## हॉलीवुड फिल्म कंधार में मिस्ट्री मैन के रूप में
# नजर आएंगे अली फजल

हॉलीवुड फिल्मों के निर्देशक रिक रोमन वॉ की आने वाली फिल्म कंधार में अभिनेता अली फजल एक खास किरदार निभा रहे हैं। लेकिन इस फिल्म में उनका किस तरह का किरदार है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म के मेकर कंधार में अली फजल के किरदार को एक सरप्राइज के तौर पर पेश करना चाहते हैं। बता दें कि जब से इस फिल्म का ट्रेलर लांच हुआ है तभी से अली फजल के किरदार को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। हॉलीवुड की फिल्म कंधार के ट्रेलर में अली फजल की झलक और छाया आकृति रेगिस्तान के बीच में एक डर्ट बाइक की सवारी करते हुए हेलीकॉप्टर से उतरते हुए दिखाया गया है। रेगिस्तान में बाइक चलाते हुए, हेलीकॉप्टर से उतरते हुए एक आदमी के कई शॉट दिखाए गए हैं। फिल्म के ट्रेलर में अली फजल मिस्ट्री मैन के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म के मेकर अली फजल के किरदार गुप्त रखना चाहते हैं। इस फिल्म को सऊदी अरब में बड़े पैमाने पर शूट किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक अली फजल फिल्म कंधार में एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें किरदार के कई शेड्स हैं। वह जेरार्ड बटलर के किरदार के खिलाफ जाते हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। जेरार्ड बटलर फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में जेरार्ड बटलर, ट्रैविस फिमेल, नावीद नेगबान,बहादोर फोलादी, वासिलिस कौकलानी, मार्क अर्नोल्ड, कोरी जॉनसन जैसे टॉप के अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अली फजल को काम करने का बड़ा मौका मिला है। अभिनेता अली फजल के हिंदी फिल्मों की बात करें तो हिंदी फिल्मों से ज्यादा लोकप्रियता उन्हें अमेजन प्राइम वीडियो की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज मिर्जापुर में गुड्डू पंडित के किरदार मिली। अब इस सीरीज का तीसरा भी सीजन आने वाला है। हॉलीवुड फिल्म कंधार 26 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को लेकर अली फजल काफी उत्साहित हैं।

# रिलीज से पहले ही सूर्या की फिल्म ने की करोड़ों की कमाई



तमिल स्टार सूर्या इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म कंगुवा की शूटिंग में व्यस्त हैं। अपनी 42वीं फिल्म को लेकर सूर्या लंबे समय से चर्चा में हैं। फैंस को इस पीरियड ड्रामा का बेसब्री से इंतजार है। इसका निर्देशन सिरुथाई शिवा करने रहे हैं। पिछले साल से ही यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है, जिसकी वजह से सूर्या के चाहने वालों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म को 2024 में 10 से अधिक भाषाओं में रिलीज करने की योजना है। स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशंस के बैनर तले बन रही कंगुवा में

कलाकार एक साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं। इस बीच फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने फिल्म के ओटीटी अधिकार बेच दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सिनेमाघरों के बाद कंगुवा हिंदी को छोड़कर सभी भाषाओं में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जा सकेगी। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म को 80 करोड़ में ओटीटी प्लेटफॉर्म को बेचा गया है। तमिल सिनेमा का यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा सौदा है। इससे पहले दलपति विजय की आगामी फिल्म लियो के राइट्स को 120 करोड़ रुपये में नेटफ्लिक्स को बेचा गया था। सूर्या फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। इसकी कहानी को कथित तौर पर 16वीं सदी में सेट किया गया है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद (डीएसपी) ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया। अभिनेता के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इसके बाद वह वादिवसल नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस थ्रिलर फिल्म का निर्देशन वेत्रीमारन कर रहे हैं।

# राधिका ने क्यों छोड़ी टीवी इंडस्ट्री?

अभिनेत्री राधिका मदान अक्सर मीडिया की खबरों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी अभिनय यात्रा टीवी जगत से शुरू की थी। उन्होंने वर्ष 2014 में टीवी शो मेरी आशिकी तुम से ही के जरिए डेब्यू किया था। मेरी आशिकी तुम से ही में ईशानी का किरदार अदा कर राधिका ने काफी शोहरत बटोरी। इसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स भी मिले। इसके अलावा राधिका ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 8 में भी हिस्सा लिया था। इसके बाद राधिका ने टीवी की दुनिया को अलविदा कहकर बॉलीवुड का रुख किया। आखिर क्यों? आइए जानते हैं

**टीवी के रवैये पर की थी टिप्पणी**

राधिका ने न सिर्फ टीवी इंडस्ट्री से नाता तोड़ दिया, बल्कि इस इंडस्ट्री को लेकर तीखी टिप्पणी भी कर डाली। राधिका

कमी को लेकर बात कही। राधिका ने बयान में कहा, टीवी इंडस्ट्री में 40-50 घंटे काम करना पड़ता है, जोकि काफी हैक्टिक होता है। स्क्रिप्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा जाता है कि आप सेट पर चलो गरमा-गरमा स्क्रिप्ट आ रही है। लेकिन ऐसा नहीं होता है और डायरेक्टर आखिरी वक्त में बदलाव कर देते हैं। राधिका के इस बयान से स्पष्ट है कि वह इस इंडस्ट्री में काम करने के रवैये से खुश नहीं थीं, इसलिए दूरी बना ली।

**एकता कपूर ने जताई थी नाराजगी**

राधिका के इस बयान को लेकर उनकी काफी आलोचना भी हुई। छोटे पर्दे की मशहूर शो मेकर एकता कपूर और मशहूर टीवी एक्ट्रेस सायंतनी घोष समेत कई सेलेब्स ने नाराजगी जताई और कहा कि जिस टीवी इंडस्ट्री ने राधिका के करियर की नींव रखी, वह उसे लेकर ही गलत बयान दे रही हैं।

**इस सीरीज में आएंगी नजर**

आपको बता दें कि राधिका मदान ने साल 2018 में निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म पटाखा के जरिए डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने एक्टिंग करियर को नई ऊचांइयों तक पहुंचा दिया। राधिका मदान शिद्दत, कुत्ते, मर्द को दर्द नहीं होता, अंग्रेजी मीडियम और मोनिका ओह माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही वह वेब सीरीज सास बहू और फ्लेमिंगो में नजर आएंगी। यह सीरीज 5 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



# एक्शन फिल्म की चाह में आमिर
## धूम पर नहीं बनी बात, अब गजनी पर नजर

आमिर खान ने बीत आठ सालों में सिर्फ दो फिल्मों ठग्स ऑफ हिंदोस्तान और लालसिंह चड्ढा में काम किया। बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों फिल्मों का जो हश्र हुआ वो किसी से भी छिपा नहीं है। इन फिल्मों की असफलता ने आमिर खान को बहुत पीछे कर दिया है। फिलहाल आमिर खान ब्रेक पर हैं वो कोई नई फिल्म नहीं कर रहे हैं। लालसिंह चड्ढा के प्रदर्शन से पूर्व उन्होंने निर्देशक आर.एस. प्रसन्ना की फिल्म के लिए हाथ मिलाया था, लेकिन अब उन्होंने इस फिल्म को भी नकार दिया है। आमिर खान इस फिल्म को सिर्फ प्रोड्यूस कर रहे हैं। कुछ समय पहले उन्होंने सलमान खान को इस फिल्म का प्रस्ताव दिया था, लेकिन बात बनी नहीं। वहीं आमिर खान ने स्वयं को सफल बनाने के लिए एक्शन फिल्म की खोज शुरू कर दी जिसके तहत उन्होंने आदित्य चोपड़ा के साथ धूम-4 को लेकर बातचीत की थी लेकिन आदित्य ने धूम-4 आमिर के साथ बनाने पर स्पष्ट इंकार कर दिया। बताया जाता है कि उन्होंने आमिर से कहा कि वे धूम-4 को यंग स्टार्स के साथ बनाना पसन्द करेंगे। खबरों की मानें तो आमिर खान बैकफुट पर सिर्फ तेज रफ्तार से आगे दौडऩे के इरादे से ही आए हैं। अपनी अगली फिल्म के लिए एक्टर काफी सतर्क हैं और वो साउथ सिनेमाई दुनिया के सितारों के साथ मिलकर कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं। जिसका इशारा उनकी हालिया साउथ की ओर हुईं लगातार विजिट से मिलता है। रिपोर्ट की मानें तो आमिर खान इन दिनों अल्लू अर्जुन के पिता और साउथ सिनेमा के बड़े फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद के साथ चर्चा में हैं। सुनने में आया है कि सुपरस्टार आमिर खान अल्लू अरविंद के साथ मिलकर अगली फिल्मों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। समाचारों की मानें तो अल्लू अरविंद ने आमिर खान के साथ गजनी 2 को लेकर भी एक विचार साझा किया है।साउथ फिल्म की रीमेक गजनी में सुपरस्टार आमिर खान ने बिजनेसमैन संजय सिंघानिया का किरदार काफी शिद्दत से निभाया था। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। निर्माता अल्लू अरविंद ने संजय सिंघानिया के इसी किरदार को आगे लेकर गजनी 2 की भूमिका बनाई है। जिसके लिए सुपरस्टार आमिर खान से चर्चा चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही इसे लेकर मेकर्स एक बड़ा ऐलान कर सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2008 में आई आमिर खान असिन की फिल्म गजनी का निर्देशन ए.मुरुगादास ने किया था। यह हिन्दी सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ी क्लब की स्थापना की थी। इस फिल्म में आमिर खान ने शॉर्ट टर्म लॉस मैमोरी वाले व्यक्ति संजय सिंघानिया का किरदार बड़ी शिद्दत से निभाया था।



# स्क्रीन पर दिखेगी वरुण धवन और नताशा दलाल की लवस्टोरी!



स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए एक नया शो दो दिल मिल रहे हैं लेकर आया है। इस शो के साथ दर्शकों को एक नया कॉन्सेप्ट और फ्रेश जोड़ी देखने को मिलेगी। दो दिल मिल रहे हैं बचपन के दोस्त ऋषिराज और प्रियदर्शिनी की कहानी है, जो बचपन के दोस्त हैं। उनके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़, दो लवबर्ड्स को अलग कर देता है। वर्षों बीत जाते हैं, ऋषिराज सेन एक मशहूर उद्योगपति बन जाते हैं, जबकि प्रियदर्शिनी अब पीहु मित्रा के नाम से एक टूर गाइड हैं। जो कभी प्रेमी थे, अब एक दूसरे को देखना तक पसंद नही करते। हालांकि, वह एक अतीत साझा करते हैं, जिससे वे अनजान हैं। क्या उनकी युवावस्था की एक लंबे समय से खोई हुई प्रेम कहानी फिर से लिखी जाएगी? बॉलीवुड स्टार कपल वरुण धवन और नताशा दलाल सभी के चहेते हैं। दोनों ने सभी युवा और नए जोड़ों के लिए कपल गोल्स निर्धारित किए हैं। वरुण धवन और नताशा दलाल बचपन से प्रेमी जोड़े रहे हैं। वरुण और नताशा की तरह ही स्टारप्लस बचपन के प्यार पर आधारित एक नया शो दो दिल मिल रहे हैं लेकर आया है। इस शो में श्रीजला गुहा और सीन बनर्जी मुख्य भूमिका में हैं। जिस तरह वरुण और नताशा की लवस्टोरी उनके बचपन में खिली थी, दर्शकों को दो दिल मिल रहे हैं के साथ ऋषि और पीहू की एक नई लवस्टोरी देखने को मिलेगी। यह शो 10 मई सोमवार से रविवार दोपहर 2 बजे प्रसारित होगा।

# इंडस्ट्री को बर्बाद कर रही हैं बिग बजट फिल्में



नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने हाल ही में बॉलीवुड में लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों पर बात की। उन्होंने बताया कि इसका कारण बिग बजट फिल्में और प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें न तो कोई कहानी होती है और न ही एक्टिंग। मेकर्स लगातार इस तरह की फिल्में परोस रहे हैं, जिन्हें ऑडियंस ने कई बार खारिज कर दिया है। इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने बताया कि बड़े बजट की फिल्में इंडस्ट्री को लगातार बुरे दौर में ले जा रही हैं। इन फिल्मों में स्क्रिप्ट, कहानी, डायरेक्शन यहां तक की एक्टिंग भी खोखली होती है। इस समय कुछ ही फिल्में हैं जो बॉक्स-ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करने में सक्षम रही हैं, लेकिन तीन फिल्मों को छोड़ दें तो 97 त्नफिल्में फ्लॉप हो रही हैं। इनमें से ज्यादातर बड़ी फिल्में हैं। ये वो फिल्में हैं, जो असल में इंडस्ट्री को नीचे ला रही हैं और बरबाद कर रही हैं। नवाज ने कहा- इन फिल्मों में कोई कहानी या एक्टिंग नहीं है। उनके पास सिर्फ पांच गाने हैं, जिन्हें कोरियोग्राफर ने डिजाइन किया है। या अगर किसी फिल्म में एक्शन है, तो उसे एक्शन डिजाइनर ने तैयार किया है। इसमें डायरेक्टर या एक्टर क्या कर सकता है? नवाजुद्दीन के कहा कि इंडस्ट्री में सभी को बराबर मौके देने की जगह, अभी भी मेकर्स उन एक्टर्स से साथ फिल्मों में पैसे इन्वेस्ट कर रहे हैं, जिन्हें देखने में कोई दिलचस्पी नहीं रखता है।